● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 272, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 17 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



कांग्रेस पर बरसे जे पी नड्डा 5

सैमसन और वर्मा ने रचा इतिहास 6

## मणिपुर में तीन शव मिले, मैतेई समुदाय का उग्र प्रदर्शन

### इंफाल में विधायकों के घर तोड़फोड़-आगजनी, 7 जिलों में इंटरनेट बैन, 5 में कर्फ्यू

इंफाल


मणिपुर में शुक्रवार को एक महिला और दो बच्चों के शव जिरी नदी में बहते मिले थे। इसके बाद से राज्य के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जो अब हिंसक हो गया है।

मैतेई समुदाय के लोगों ने इंफाल में छह विधायकों के घर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने यहां पथराव और आगजनी की। इंफाल में टायर जलाकर सड़कों को ब्लॉक किया।

दरअसल, 11 नवंबर को वर्दी पहने हथियारबंद उग्रवादियों ने बोरोब्रेका थाना परिसर और सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था। इसमें 10 उग्रवादी मारे गए थे।

इस दौरान जिरीबाम जिले के बोरोब्रेका थाना परिसर स्थित राहत शिविर से 6 लोगों को अगवा किया गया था। शुक्रवार को मिले तीन शव इन लापता हुए लोगों के बताए जा रहे हैं।

विरोध प्रदर्शन के चलते मणिपुर के पांच घाटी जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है।



जबकि सात जिलों में शनिवार शाम 5¬15 बजे से दो दिन के लिए इंटरनेट बैन कर दिया गया है। ये जिले हैं- इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचांदपुर।

**इन विधायकों के घर पर हुआ हमला**

1. राजकुमार इमो सिंह, सागोलबंद विधानसभा। 2. सपम कुंजकेश्वर, पटसोई विधानसभा। 3. सपम निशीकांत, केशमथॉन्ग विधानसभा। 4. थांगजम अरुणकुमार, वांगखेई विधानसभा। 5. सागोलशेम केबी देवी, नाओरिया पखांगलाकपा विधानसभा। 6. ख्वैरखपम रघुमनि सिंह, उरिपोक विधानसभा। 7. एसी लोकन, वांगकोई विधानसभा। 8. करम श्याम, लांगथाबल विधानसभा

असम में कुकी उग्रवादियों के शवों को लेकर कुकी समुदाय का प्रदर्शन शनिवार सुबह असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (स्व्ह॥) के बाहर पुलिस और कुकी समुदाय के लोगों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया।

दरअसल, मणिपुर के जिरीबाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 10 उग्रवादियों के परिजन उनके शव मांगने के लिए अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।

असम पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की कि शव मणिपुर पुलिस को सौंपे जाएंगे, लेकिन परिजन शव वहीं सौंपे जाने की मांग करते हुए पत्थरबाजी पर उतर आए।

इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसके बाद हालात काबू में आए और परिजन मणिपुर पुलिस से शव लेने पर सहमत हुए। इसके बाद शवों को मणिपुर के चुराचांदपुर एयरलिफ्ट किया गया।

## 17 साल बाद भारतीय पीएम का नाइजीरिया दौरा, पीएम मोदी रवाना

### नाइजीरिया में 150+ भारतीय कंपनियां, 2 लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार



**अबुजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे नाइजीरिया रवाना हो गए। वे राष्ट्रपति अहमद टिनूबू के न्योते पर पहली बार नाइजीरिया जा रहे हैं।

यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का 17 साल में पहला नाइजीरिया दौरा होगा। मोदी से पहले साल 2007 में तत्कालीन क्क्र डॉ. मनमोहन सिंह नाइजीरिया के दौरे पर गए थे।

पीएम मोदी रविवार को राष्ट्रपति टिनूबू से मुलाकात करेंगे। उनके बीच भारत-नाइजीरिया के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। इसके बाद मोदी राजधानी अबुजा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। नाइजीरिया में 150 से ज्यादा भारतीय कंपनियां हैं, जिनका 2 लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार है। भारत के लिए अहम क्यों है नाइजीरिया तेल और गैस के विशाल भंडार की वजह से नाइजीरिया, अफ्रीका के अहम देशों में से एक है। यह देश भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करता है। अफ्रीका में भारतीय निवेश खासकर ऊर्जा, खनन, फार्मास्यूटिकल्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहा है। नाइजीरिया इस्लामिक देशों के संगठन और तेल उत्पादक देशों के संगठन का अहम सदस्य है। ये दोनों संगठन भारत की कूटनीति और आर्थिक नीति के लिए अहम हैं। 66 साल पुराने हैं भारत-नाइजीरिया के रिश्ते भारत ने आजादी के बाद अफ्रीकी देशों की आजादी का पुरजोर समर्थन किया था। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शुरुआत नाइजीरिया की आजादी से पहले ही हो गई थी। भारत ने 1958 में नाइजीरिया में डिप्लोमैटिक हाउस की स्थापना की थी। इसके 2 साल बाद नाइजीरिया को आजादी मिली। भारत के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू ने सितंबर 1962 में नाइजीरिया का दौरा किया था। उनकी इस यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की नींव रखी गई।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो नाइजीरिया अफ्रीका का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश है। नाइजीरिया की आबादी (23 करोड़), उत्तर प्रदेश (24 करोड़) से कम है, लेकिन यह देश सबसे तेजी से आबादी बढ़ने वाले देशों में शामिल है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2050 तक नाइजीरिया की आबादी 40 करोड़ होगी।

## प्रियंका गांधी ने दी भाजपा को चुनौती

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शनिवार को शिरडी में रैली की। उन्होंने इस रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जाति जनगणना कराने के लिए सार्वजनिक रूप से प्रतिबद्ध होने की चुनौती दी। बता दें कि राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव होने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके भाई राहुल गांधी ने जाति जनगणना की वकालत के लिए ही भारत जोड़ो यात्रा की थी।

शिरडी में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा, मैं पीएम मोदी और गृह मंत्री



अमित शाह को एक मंच पर खड़े होकर यह घोषणा करने की चुनौती देती हूं कि वे जाति जनगणना कराएंगे और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा देंगे। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, वे दावा करते हैं कि मेरा भाई आरक्षण के खिलाफ है। यह वही व्यक्ति है जिसने न्याय की मांग करते हुए मणिपुर से मुंबई पैदल यात्रा की थी। जाति जनगणना की मांग करते हुए उसने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्री की। वे डरे हुए हैं, इसलिए झूठ फैला रहे हैं। हम प्रत्येक जाति की जनसंख्या संरचना को जाने बिना प्रभावी ढंग से आरक्षण कैसे आवंटित कर सकते हैं?

झारखंड में रैली के दौरान जाति जनगणना को लेकर राहुल के रुख पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आलोचना की थी। राजनाथ की प्रतिक्रिया के एक दिन बाद प्रियंका गांधी ने महाराष्ट्र में भाजपा को घेरा। राहुल गांधी के रुख पर राजनाथ सिंह ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वे (राहुल) देश के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## दिल्ली में एक्यूआई-440 पार, सरकारी ऑफिस की टाइमिंग बदली

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार सुबह भी प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के 10 से ज्यादा स्टेशंस पर सुबह 7 बजे एक्यूआई 400+ दर्ज किया गया। जहांगीरपुरी में एक्यूआई सबसे ज्यादा 445 तक पहुंचा। प्रदूषण को देखते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने सरकारी ऑफिसों के लिए नए समय की घोषणा की। केंद्र सरकार के दफ्तर सुबह 9 से शाम 5:30, दिल्ली सरकार के दफ्तर 10 से शाम 6:30 और स्व्ह्ठ के दफ्तर 8:30 से शाम 5 बजे तक चलेंगे।

## तालाबों का सौंदर्यीकरण कर बनायेंगे पर्यटन स्थल : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नगरीय निकायों में मौजूद तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि तालाबों को पर्यटन स्थलों के रूप में भी विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप नगरीय विकास एवं आवास विभाग नगरीय क्षेत्रों की झीलों एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिये संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रहा है। प्रदेश के 41 नगरीय निकायों में 48 तालाबों की योजनाओं पर 104 करोड़ 46 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

झीलों एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये चयनित झीलों एवं तालाबों के संरक्षण और सतही पेयजल स्त्रोत निर्मित होंगे। अब तक 28 तालाबों के कार्य पूरे किये जा चुके हैं, शेष 20 तालाबों के कार्य प्रगति पर हैं। जल-संरक्षण और संवर्धन की यह योजनाएँ राज्य शासन के दिये जाने वाले अनुदान और निकाय के वित्तीय अंश से संचालित की जा रही हैं।

नगरीय निकायों ने जिन तालाबों और झीलों के संरक्षण के कार्य चयनित किये हैं, उनमें प्रमुख रूप से भूमि के कटाव को रोकने संबंधी कार्य, झीलों एवं तालाबों के आसपास बाउण्ड्री बनाना, सघन वृक्षारोपण, लॉन विकसित करना और सौंदर्यीकरण के लिये लैम्प तथा फव्वारों की स्थापना करना प्रमुख है। इसी के साथ अपशिष्ट जल को रोकने, जल-शोधन के लिये रूट-झोन ट्रीटमेंट मैनेजमेंट और सीवर पाइप लाइन द्वारा अपशिष्ट जल को रोकने के लिये निकायों द्वारा ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। ये सभी कार्य झीलों एवं तालाबों के किनारे से 100 मीटर की दूरी के अंदर ही प्रस्तावित किये गये हैं। जिन नगरीय निकायों में यह कार्य स्वीकृत किये गये हैं, उनमें नगर निगम द्वारा कुल स्वीकृत राशि में 40 प्रतिशत, नगरपालिका द्वारा 25 प्रतिशत और नगर परिषद द्वारा 10 प्रतिशत की राशि वित्तीय अंशदान के रूप में दी जा रही है।

## धर्म संसद में सनातन बोर्ड की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के करतार नगर इलाके में शनिवार को तीसरी सनातन धर्म संसद का आयोजन हुआ। इसमें द्वारकापीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती समेत देश के प्रमुख 50-60 संत, साध्वी, कथावाचक शामिल हुए। एक हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में पहुंचे। संसद का आयोजन कराने वाले कथावाचक देवकीनंदन ने वक्फ बोर्ड की तरह ही सनातन बोर्ड बनाने की मांग की। हमें नहीं भूलना चाहिए कि आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम में चर्बी मिलाकर हमें खिलाई गई। उन्होंने चौथी धर्म संसद अगले साल प्रयागराज में होने जा रहे कुंभ मेले में रखने की बात कही।

## मुस्लिमों को पिछले दरवाजे से आरक्षण देने की तैयारी कर रहे हेमंत सोरेन: शाह

**रांची।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला करते हुए कहा कि वह कांग्रेस की मदद से पिछले दरवाजे से मुसलमानों को आरक्षण देने की तैयारी कर रहे हैं। शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा इस तरह की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी। शाह ने झारखंड में आदिवासियों की घटती हुई आबादी के लिए भी हेमंत सोरेन को जिम्मेदार ठहराया। झारखंड के दुमका में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि %हेमंत सोरेन कांग्रेस की मदद से पिछले दरवाजे से मुस्लिमों को आरक्षण देने की कोशिश कर रहे हैं। मैं चेतावनी देता हूं कि भाजपा हेमंत सोरेन और राहुल गांधी की ऐसी किसी भी योजना को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। शाह ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन आदिवासी आबादी में गिरावट के लिए जिम्मेदार हैं क्योंकि वह घुसपैठियों को झारखंड में घुसने और आदिवासी महिलाओं से शादी करने दे रहे हैं।

## असम में कुकी समुदाय पर पुलिस का लाठीचार्ज

**गुवाहाटी।** असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बाहर पुलिस और कुकी समुदाय के लोगों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। दरअसल, मणिपुर के जिरीबाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 10 उग्रवादियों के परिजन उनके शव मांगने के लिए अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। असम पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की कि शव मणिपुर पुलिस को सौंपे जाएंगे, लेकिन परिजन शव वहीं सौंपे जाने की मांग करते हुए पत्थरबाजी पर उतर आए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसके बाद हालात काबू में आए और परिजन मणिपुर पुलिस से शव लेने पर सहमत हुए। इसके बाद शवों को मणिपुर के चुराचांदपुर एयरलिफ्ट किया गया।

इससे पहले शुक्रवार को बराक नदी में तीन शव मिलने के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। शवों में एक आठ महीने का बच्चा भी शामिल था।

11 नवंबर कोसी आरपीएफ और पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान सशस्त्र उग्रवादियों ने 6 लोगों को अगवा किया था। इनमें से तीन के शव मिलने के बाद तीन विधायकों के घरों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं भी सामने आईं।

उल्लेखनीय है कि 11 नवंबर की मुठभेड़ में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों के शव को 12 नवंबर को असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताललाया गया। अगले दो दिनों में सभी शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया। जिरीबाम और असम के करीब 400 स्थानीय लोग 12 नवंबर से ही एसएमसीएच में डेरा डाले रहे। ये लोग शवों को उन्हें सौंपने की मांग पर अड़े थे। मृतकों के परिवार यहां नहीं आ सकते, इसलिए उन्हें सौंपने की मांग कर रहे थे। शनिवार (16 नवंबर) सुबह करीब 10 बजे, असम के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अतिरिक्त बल के साथ एसएमसीएच पहुंचे और शवों को मुर्दाघर से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू हुई।

## जनता को धोखा दे रहा विपक्ष, बीजेपी विश्वसनीयता से समझौता नहीं करती

**खिजरी (रांची)।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव प्रचार जारी है। 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान खत्म होने के बाद अब 20 नवंबर को दूसरे और अंतिम चरण का मतदान होना है। चुनाव प्रचार के सिलसिले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज राजधानी रांची पहुंचे उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करने के साथ विपक्षी दलों पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया। विपक्षी पार्टियां सत्ता बरकरार रखने के लिए जनता को धोखा देती हैं उन्होंने कहा कि विश्वसनीयता किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी संपत्ति है और भाजपा कभी भी इससे समझौता नहीं करती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राजनीतिक लाभ पाने और मतदाताओं को लुभाने के लिए अन्य राजनीतिक दल झूठे वादे करते हैं। रक्षा मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां सत्ता बरकरार रखने के लिए जनता को धोखा देती हैं।

## भाजपा और कांग्रेस की ओर से की गई शिकायतों पर चुनाव आयोग सख्त

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। दोनों राज्यों में राजनीतिक दल जमकर प्रचार कर रहे हैं और पार्टी के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो चली है। वहीं इस जुबानी जंग में आपत्तिजनक बयानों को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने एक-दूसरे की शिकायत चुनाव आयोग से की थी। इस पर चुनाव आयोग ने दोनों दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। आयोग ने दोनों दलों को एक-दूसरे की शिकायत भेजीं हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर कांग्रेस की ओर से की गई शिकायत पर जवाब मांगा है।

## बंटेंगे नहीं तो कटेंगे नहीं नारों से लोगों को भड़काया नहीं जा सकता: राज बब्बर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को अब एक सप्ताह से भी कम समय शेष रह गया है। इस को लेकर राज्य में सियासी माहौल गरमाया हुआ है। कांग्रेस नेता राज बब्बर ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को वोट जिहाद और बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों से भड़काया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं वाले नारे पर भी कांग्रेस नेता ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें समझ आ गया है कि महाराष्ट्र के लोगों को कोई अलग नहीं कर सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राज बब्बर ने कहा, महाराष्ट्र के लोग हमेशा से एक हैं। उन्हें वोट जिहाद और बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों से भड़काया नहीं जा सकता है। जब देश का कोई नागरिक रोजी-रोटी के लिए मुंबई आता है तो कोई उससे उसकी जाति या धर्म के बारे में नहीं पूछता है। राज बब्बर ने बताया कि लोकसभा में भाजपा की सीटें कम करने में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने अहम भूमिका निभाई। अजित पवार और अशोक चह्वाण का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वोट जिहाद और बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों का विरोध उन लोगों ने भी किया जिन्होंने खुद को विपक्ष से अलग कर महायुति में शामिल हो गए थे। यहां तक कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी कहना पड़ा कि (उनके उत्तर प्रदेश समकक्ष) योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र का नहीं, बल्कि बांग्लादेश के विकास का जिक्र कर रहे थे।

## लोकतंत्र में लगातार तीन बार सरकार बनाना आम बात नहीं : जयशंकर

नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि जब पूरी दुनिया में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है, ऐसे वक्त में भारत की राजनीतिक स्थिरता पर पूरी दुनिया की नजरें हैं। जयशंकर ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश में लगातार तीसरी बार सत्ता में आना आम बात नहीं है। एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ये बात कही।

जयशंकर ने कहा कि %पूरी दुनिया भारत की राजनीतिक स्थिरता को देख रही है। खासकर ऐसे वक्त में जब अधिकतर देश राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। ऐसे वक्त में एक लोकतांत्रिक देश में लगातार तीसरी बार निर्वाचित होना कोई आम नहीं है।% विदेश मंत्री ने कहा कि %पूरी दुनिया की नजरें भारत के आर्थिक विकास पर भी हैं क्योंकि अन्य देशों को 7-8 प्रतिशत की विकास दर को पाने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत में व्यापार को लेकर कई बड़ी कंपनियां उत्साहित हैं और देश में भारी निवेश हो रहा है।

उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या के हल पर बात करते हुए कहा, मैं सेनाओं के पीछे हटने को बस उनके पीछे



हटने के रूप में देखता हूं, न उससे कुछ ज्यादा, न कुछ कम। यदि आप चीन के साथ वर्तमान स्थिति को देखते हैं तो हमारे सामने एक ऐसा मुद्दा रहा कि हमारे सैनिक असहज तौर पर वास्तविक नियंत्रण रेखा के बिल्कुल करीब हैं जिससे हमें उनके पीछे हटने का कदम उठाने की जरूरत पड़ी। और इसलिए 21 अक्टूबर की यह सहमति सेनाओं के पीछे हटने से जुड़ी सहमतियों में आखिरी थी। इसके क्रियान्वयन के साथ ही इस समस्या के हल की दिशा में सेनाओं के पीछे हटने का काम पूरा हो गया।

### अमेरिका में ट्रंप की जीत के बताए मायने

अमेरिकी चुनाव में ट्रंप की जीत पर जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी चुनाव हमें अमेरिका के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। ये बताते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिकी जनता की जो चिंताएं और प्राथमिकताएं थी, वो अब और ज्यादा सघन हो गई हैं। अमेरिकी चुनाव नतीजे बताते हैं कि अमेरिकी लोग वैश्विकरण के प्रभावों से खुश नहीं हैं। चीन को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के सैनिक जब आमने-सामने आ गए थे तो सरकार के स्तर पर बातचीत के जरिए ही तनाव को कम करने में मदद मिली।

गुरुवार को विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर थे। वहां एक कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि भारत को आज वैश्विक कार्यस्थल के लिए तैयार होने की जरूरत है। साथ ही भारत को इलेक्ट्रॉनिक चिप, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष और सड़कों के नए युग के लिए भी तैयार रहना होगा।

# बैढ़न क्षेत्र के कबाड़ी बच्चों को सिखा रहे चोरी का तरीका

## घरों के ताले तोड़ रहे बच्चे, साइकिल-बाइक चोरी का पुलिस नहीं कर पाई खुलासा



**सिंगरौली।** एसपी निवेदिता गुप्ता के निर्देशन पर पुलिस टीम ने निवास चौकी क्षेत्र में संचालित दो कबाड़ियों के गोदाम पर छापा डालकर नजदीकी औद्योगिक कंपनियों से चोरी गए बेश कीमती सामान बरामद किया। लेकिन अभी तक कोतवाली पुलिस सिर्फ एक कबाड़ी के खिलाफ कार्यवाही छोड़ दे तो अभी तक कोतवाली क्षेत्र में संचालित आधा दर्जन कबाड़ियों पर कोई कार्यवाही नहीं होना पुलिसिंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि बलियरी और माजन मोड़ में संचालित कबाड़ियों के गोदामों में कारवाई होती है तो कई चौकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। लेकिन पुलिस अभी तक इन कबाड़ गोदामों की जांच क्यों नहीं कि यह चर्चा का विषय बना हैं।

गौरतलब है कि घुमंतू बच्चे कबाड़ी के यहां नल की टोटियां, लोहे का सामान, निर्माणाधीन घरों में सरिया आदि चोरी करके कबाड़ी के पास पहुंच रहे हैं। कबाड़ियों के गोदाम में कबाड़ लेकर चोर सहित नाबालिक बच्चे पहुंच रहे हैं। लेकिन पुलिस अनजान बनी हुई है। फोटो में स्पष्ट नजर आ रहा है कि कई नाबालिक बच्चे कबाड़ी के गोदाम में सामान बेचने पहुंचे हैं। यह बच्चे कबाड़ कहां से ला रहे इससे कबाड़ी को कोई लेना-देना नहीं। कबाड़ी को अपने कबाड़ से मतलब है कबाड़ दो पैसे लो और अगली बार अधिक से अधिक कबाड़ लेकर आना ताकि ज्यादा पैसे ले जा सको। बताया जा रहा है कि नाबालिक अब ताले भी तोड़ने लगे हैं। वहीं बाइक और साइकिल की चोरियों में शामिल हो गए हैं। पुलिस ने पिछले एक साल में चोरी के मामले में कई नाबालिको को पकड़ा है। दरअसल कबाड़ियों के पास चोरी के सामान आसानी से खप जाते हैं। इसलिए नशे के लिए घुमंतू बच्चे घरों में चोरियां करते हैं। शहर में ऐसे कई कबाड़ियों की दुकानें हैं। जिनमें कई चोरी का सामान खरीदते हैं। पुलिस चोरी के मामले में आरोपियों को तो पकड़ती है, लेकिन कबाड़ियों को गिरफ्तार नहीं करती। यही वजह है कि कई कबाड़ी पुलिस को चुनौती देकर गैरकानूनी काम में लगे हैं। सूत्रों की माने तो कबाड़ी हर महीने पुलिस को मोटी रकम देते हैं जिससे पुलिस उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करती। सूत्रों की माने तो कोतवाली पुलिस के लिए कबाड़ी दुधारू गाय से कम नहीं हैं। जिसकी देखरेख करना भी पुलिस की ही जिम्मेदारी है। वहीं कबाड़ की दुकानें नाबालिक बच्चों को चोर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

### चोरी की घटनाओं में कबाड़ी की भूमिका

कोतवाली क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। चोर चुराए हुए सामान को कबाड़ी के यहां बेच देता है और यह कबाड़ी सामानों को टुकड़ों में काटकर कानपुर ले जाकर बेच देते हैं। यह घुमंतू बच्चे पैसों की जरूरत पड़ने पर घर के ताले भी तोड़ने लगते हैं, तो वही साइकिल और मोटरसाईकिल चोरी में भी पीछे नहीं हटते। ऐसे में चोरी की घटनाओं में यदि किसी की बड़ी भूमिका है तो वह कबाड़ियों की है जो चोरी का सामान खरीदते हैं । हालांकि ऐसे कबाड़ियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती। कभी-कभी एसपी-आईजी बदलने पर कबाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। फिर पुलिस शांत हो जाती है और कबाड़ियों का धंधा चलता रहता है। कोतवाली क्षेत्र में कबाड़ की कई दुकानें संचालित है।

### साइकिल और बाइक के पुर्जे निकालकर बेच रहे

भीड़भरे इलाके और दुकान से सामने से मिनटों में साइकिल और बाइक चोरी हो जाती है। साइकिल चोरी के मामले में पुलिस रिपोर्ट नहीं लिखती। अधिकांश लोग साइकिल चोरी की रिपोर्ट भी नहीं लिखाते। बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखी जाती है, लेकिन सारे मामले पकड़ में नहीं आते। ऐसी गाड़ियां या साइकिल के पुर्जे अलग कर कबाड़ में बेच दिए जाते हैं। इसलिए पकड़ में नहीं आते। हालांकि पुलिस चाहे तो कबाड़ियों के गोदाम में छापा मार कर चोरी की गाड़ियों को जप्त कर सकती है। लेकिन पुलिस ऐसी कार्यवाही करके अपना नुकसान कतई नहीं करती।

### इनका कहना

*कबाड़ दुकानों में नाबालिक बच्चें कबाड़ बेचने पहुंच रहे हैं। इस बात की जानकारी आप से मिली है। बेहद संवदेनशील मामला है, जल्द ही जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।*

**पुन्नू सिंह परस्ते**
**सीएसपी, विंध्यनगर**

# स्वस्थ शरीर सबसे बड़ी पूंजी : विश्वामित्र




### मंगल भवन देवसर में वितरित किया गया स्वास्थ्य परीक्षण उपकरण

**सिंगरौली।** अच्छा स्वास्थ्य सभी के लिए आवश्यक है। स्वस्थ तन-मन एवं निरोगी काया जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर सबसे बड़ी पूंजी है।

उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने मंगल भवन देवसर में विधायक निधि से प्रदत्त स्वास्थ्य परीक्षण उपकरण वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। स्वास्थ्य परीक्षण उपकरण वितरण कार्यक्रम मंगल भवन देवसर में आयोजित किया गया । माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. संजय पटेल चिकित्साधिकारी ने वितरण किए जा रहे उपकरणों की जानकारी एवं उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदाय किए गए उपकरणों के बारे में अच्छे से जानकारी प्राप्त कर इसका सही ढंग से आवश्यकता अनुसार उपयोग करें। विधायक निधि से 50 ग्रामों में उपकरण प्रदाय किया गया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उपकरणों की सही जानकारी प्राप्त कर सदुपयोग करते हुए ग्राम स्तर पर ही जरूरत मंदों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। आवश्यकता एवं उपयोगिता होने पर सभी ग्रामों में प्रदाय किया जाएगा। इस अवसर पर अरूण चतुर्वेदी एसडीओ आरईएस, आरपी सिंह सीडीपीओ, अरुण चतुर्वेदी प्रभारी आईटी सेल शिक्षा विभाग, उदयभान पाठक स्वच्छता समन्वयक, सरपंच गण, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता , अनिशा सेख अग्रणी जन शिक्षा संस्थान सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

## महिला फांसी पर झूली

**सिंगरौली।** जिले के मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 अम्बेडकर नगर सेन्टमेरी स्कूल के पास बीते शुक्रवार को एक महिला घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने जानकारी में बताया कि शिवानी पनिका पति विनोद पनिका उम्र 20 वर्ष निवासी अम्बेडकर नगर घर में ही पाईप के गोला में साड़ी से गले में फांसी लगाकर अपनी इतलीला समाप्त कर ली। मोरवा पुलिस ने स्थल पर पहुंच शव को फांसी के फंदे से ऊतरवाकर पंचनामा तैयार करते हुये मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

# एनटीपीसी सिंगरौली ने कबाड़ से बनाई 25 फीट ऊँची तितली की मूर्ति



**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली ने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता को फिर से सिद्ध करते हुए कला, शिल्प और स्थानीय कौशल के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

इस पहल के तहत एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ कॉलेज के फाइन आर्ट्स के छात्रों के साथ मिलकर कबाड़ से एक अद्वितीय 25 फीट ऊँची तितली की मूर्ति का निर्माण किया। एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित काशी विद्यापीठ के एमएफए के छात्र अभिषेक केशरी ने इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिन्होंने इससे पहले भी एनटीपीसी सिंगरौली के डीके सारस्वत अपर महाप्रबंधक एमजीआर के नेतृत्व में कबाड़ से बनी कई मूर्तियों जैसे स्टीम इंजन और आईफल टावर का निर्माण किया था। इस बार उन्होंने एक बड़ी चुनौती स्वीकार की और अपनी कड़ी मेहनत और रचनात्मकता से तितली की भव्य मूर्ति बनाई। यह मूर्ति अब सिंगरौली क्षेत्र में एक प्रमुख आकर्षण बन गई है और लोग दूर-दूर से इसे देखने और सेल्फी लेने के लिए आ रहे हैं।

# माड़ा के जंगलों को नक्सलियों ने बनाया ठिकाना !

### नए-नए चेहरों की आमद से एक्शन मोड़ में सिंगरौली पुलिस, अलग-अलग कई टीमें अलर्ट मोड में

### इंटेलिजेंस ब्यूरो के द्वारा केंद्र सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**सिंगरौली।** डेढ़ दशक बाद माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बार फिर नक्सली मूवमेंट की चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में अब पुलिस हर नए चेहरों के आने-जाने पर पूछतांछ शुरू कर दी है। दरअसल छत्तीसगढ़ में सख्ती के बाद म.प्र. नक्सलियों के लिए सबसे महफूज जगह बनता जा रहा है। इसका खुलासा इंटेलिजेंस ब्यूरो के द्वारा केंद्र सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सीधी-सिंगरौली की छत्तीसगढ़ सीमा में नक्सलियों की एक्टिविटी नजर आई हैं। इस खबर के बाद सिंगरौली पुलिस एक्शन मोड में आ गई है और कई टीमें बनाकर सर्च अभियान शुरू कर दिया है।

बता दें कि इंटेलिजेंस ब्यूरो के द्वारा केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलियों पर शिकंजा कसा तो



नक्सली म.प्र. की तरफ अपना रुख कर लिए हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे सिंगरौली जिला के माड़ा, लंघाड़ोड थाना क्षेत्र सहित बैढ़न थाना में चौकसी बढ़ा दी है। पुलिस छत्तीसगढ़ सीमा से आने वाले हर नए चेहरों से पूछतांछ और वेरिफिकेशन शुरू कर दी है। दरअसल माड़ा थाना की सीमा कोरिया जिले के सोनहरा व बिहारपुर चांदनी थाना जिला सूरजपुर की सीमा से लगा हुआ है। यहां घने जंगलों के बीच लोगों की आवाजाही बेहद कम रहती है।

सूत्र बताते हैं कि साल 2004-2005 से नक्सलियों ने माड़ा थाना क्षेत्र के जंगल को सेफ जोन मानकर नया ठिकाना बना चुके थे। उस समय नक्सलियों ने भंवरखोह गांव के उप सरपंच पर गोली चलाते हुए बंदूक छीन कर फरार हो गए थे। वही एक दूसरे मामले में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक शाह के नाम पर धमकी भरा पत्र लिखकर आम लोगों में दहशत फैला दी थी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि धमकी भरा पत्र नक्सलियों ने ही लिखा था या किसी और ने। लेकिन इन घटनाओं के बाद तत्कालीन एसपी ने छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे थाना क्षेत्रों में अलर्ट जारी करते हुए सीमा पर स्थित आसपास के गांवों में पुलिस गस्त बढ़ा दी थी। वहीं पुलिस जंगल से सटे इलाकों में निगरानी करते हुए लगातार ग्रामीणों से संपर्क कर नक्सलियों के संबंध में जानकारी लेती रही।

### इनका कहना

*छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का मूवमेंट की बाद पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलिस की कई टीमें आ जा रहे सभी के दस्तावेज की जांच पड़ताल कर रही है। एक-दो दिन में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।*

**निवेदिता गुप्ता**
पुलिस अधीक्षक, सिंगरौली

# एनसीएल सिंगरौली में हुए घोटाले की शिकायत पीएमओ से

## बम्ब कैलोरी मीटर की खरीदी में रचा गया षडयंत्र, एनसीएल के सामग्री खरीदी प्रबंधन प्रभारी ने रची साजिश

**सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल सिंगरौली मैं विगत वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में बम्ब कैलोरी मीटर खरीदी में भारी घोटाला किया गया है। बताया जाता है कि सामग्री खरीदी प्रबंधन विभाग के प्रभारी के द्वारा आपराधिक षडयंत्र रचते हुए जालसाजी करते हुए अनियमितता की है। उक्त घोटाले की शिकायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ सीबीआई दिल्ली, कोयला मंत्रालय दिल्ली और कोल सचिव कोयला मंत्रालय धनबाद से की गई है।

राजेश कुमार सोनी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखते हुए कहा है कि एनसीएल सिंगरौली में कोरोना काल के समय वर्ष 2020-21 और 2021-22 में बम्ब कैलोरी मीटर की खरीदी में एनसीएल के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा घोटाला किया गया है। जानकारी में बताया गया कि बम्ब कैलोरी मीटर खरीदी के लिए एक निविदा जारी की गई थी। निविदा में शर्त था कि तकनीकी मूल्यांकन के समय ऑर्डर जारी करने के पहले संविदाकार उसे बम्ब कैलोरी मीटर को लेकर एनसीएल के संबंधित अधिकारियों के सामने आकर डिमो स्टेशन कराएगा। अगर उसे डेम स्टेशन में सही पाया जाएगा तभी खरीदी के लिए ऑर्डर जारी किया जाएगा। लेकिन उस समय पर एनसीएल सिंगरौली के तत्कालीन सामग्री खरीदी प्रबंधन विभाग के प्रभारी अजीत कुमार सिंह के द्वारा आपराधिक षडयंत्र रचते हुए उनके द्वारा जो उस समय स्वयं करोना से पीड़ित थे। एनसीएल से छुट्टी लेकर प्रभारी दिल्ली अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे थे।

लेकिन इस बम्ब कैलोरी मीटर की खरीदी में धांधली करते हुए उन्होंने अस्पताल में भर्ती के समय ही संविदाकार से लगभग 2 लाख कमीशन लेकर निविदा की शर्तों को दरकिनार करते हुए बम्ब कैलोरी मीटर की सप्लाई के लिए मंजूरी देते हुए ऑर्डर जारी कर दिया गया। सूत्र दावा करते हैं कि यदि इस बम्ब कैलोरी मीटर खरीदी की जांच एनसीएल सिंगरौली के द्वारा किया जाए तो बड़ा घोटाला सामने आएगा और यह भी प्रमाणित हो जाएगा की उन्होंने अस्पताल में रहते समय ही इस घोटाले का अप्रुबल दिया था। बताया जाता है कि प्रभारी के द्वारा जो अनियमितता की गई है। एनसीएल के रिकॉर्ड में भी प्रमाणित हो जाएगा। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा उक्त भर्रेशाही को छुपाने के लिए सारे हथकंडे अपनाएं जा रहे हैं। एनसीएल सिंगरौली में हुये घोटाले की शिकायत भले ही शिकायतकर्ता पीएमओ से की हो। लेकिन बम्ब कैलोरी मीटर की खरीदी में जो षड्यंत्र रचा गया है और भारी गोलमाल एनसीएल के सामग्री खरीदी प्रबंधन प्रभारी अजीत कुमार सिंह सहित कई अधिकारियों ने रचा।

# सीआईएसएफ यूनिट आरएचएसटीपीपी रिहंद में मधुमक्खी पालन की शुरुआत

**रिहंदनगर।** एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल में सीआईएसएफ यूनिट आरएचएसटीपीपी रिहंद ने गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुरूप मधुमक्खी पालन कार्य शुरू किया गया है।

इस पहल का औपचारिक उद्घाटन 16 नवंबर को सुबह 11:30 बजे प्रदीप कुमार उप कमांडेंट द्वारा किया गया। सीआईएसएफ यूनिट ने इस प्रयास को शुरू करने के लिए वाराणसी से चार मधुमक्खी के



बक्से खरीदे हैं। परिसर में मधुमक्खी पालन शुरू करके, यूनिट का लक्ष्य आसपास के क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन में योगदान देना है। मधुमक्खी पालन जैव विविधता और स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। सीआईएसएफ यूनिट ने केवल अपने परिसर पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# एग्लो कोलबियन स्कूल में चलाया गया शिक्षा जागरूकता



**सिंगरौली।** एग्लो कोलबियन स्कूल रजमिलान में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

जानकारी में बताया गया कि एग्लो कोलबियन स्कूल रजमिलान में स्कूली बच्चों के द्वारा बीते 15 नवम्बर को अच्छी शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस उपलक्ष्य में नुक्कड़ नाटक, वाद संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं का अग्रेंजी माध्यम से किया गया। शिक्षा जागरूकता अभियान में नन्हें-मुन्हें बच्चों के द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। जहां प्रतिभागी बच्चों को उत्साह वर्धन करने के लिए बाल दिवस के उपलक्ष्य में टीफिन-बॉटल, पेन-कॉपी अन्य सामग्री वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की संचालिता कल्पना शुक्ला व उनके समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे। बताया जाता है कि इस दौरान विद्यालय के बच्चों में काफी खुशी देखने को मिली है।

# एनसीएल की करोड़ों की जमीन पर भू-माफियाओं का बेजा कब्जा

## जयंत व निगाही परियोजना के नजदीक दर्जनों अवैध निर्माण जारी, सुरक्षा एजेंसी पर अवैध कब्जा कराने के लग रहे आरोप

**सिंगरौली।** एनसीएल जयंत और निगाही परियोजना के जमीनों पर भू-माफिया लगातार अवैध कब्जा कर रहे हैं सिक्योरिटी एजेंसियां से साठगांठ से एनसीएल जमीनों पर अवैध निर्माण करा कर एग्रीमेंट में बेचा जा रहा है। माफिया कई ऐसे अवैध निर्माण करा लिए हैं। जिन्हें किराए पर देकर पैसे वसूल रहे हैं। अवैध निर्माण की जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई के नाम पर इतिश्री कर ली जाती है।

गौरतलब हैं कि लंबे समय से एनसीएल की बेश कीमती जमीन पर कबाड़, कोयला और डीजल माफियाओं ने कब्जा जमा रखा है। इन दिनों जयंत चौकी के सामने और निगाही परियोजना में डीओ बैरियर के ठीक बगल में सीकेडी माफिया अवैध कब्जा शुरू कर दिए हैं। यह दिन रात अवैध निर्माण हो रहे हैं। लेकिन इसे देखने वाले जिम्मेदार सिक्योरिटी एजेंसी मूक दर्शक बने हुए हैं। भू-माफियाओं ने नेहरू गेट के सामने, डीओ बैरियर, सेक्टर 4 कॉलोनी के पीछे और चौकी के सामने एनसीएल भूमि पर कब्जा करने में लगें हैं। एनसीएल अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपए दे कर सिक्योरिटी एजेंसी लगा रखी है। मगर भू-माफियाओं के सामने सिक्योरिटी एजेंसी बेबस, लाचार नजर आती है। सूत्रों का कहना है कि सिक्योरिटी के अधिकारी भू-



माफियाओं से सांठगांठ कर एनसीएल की जमीन पर अवैध निर्माण कराकर लाखों रुपए वसूल रही है।

### निगाही में सीकेडी माफिया बना रहें ढावा

बता दे कि निगाही परियोजना की करोड़ों नहीं, बल्कि अरबों रुपए की बेश कीमती जमीनों पर सीकेडी माफियाओं का कब्जा। यही सीकेडी माफिया अब भू-माफिया बन गए हैं और लगातार परियोजना के सड़क से लगी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य कर रहे हैं। सीकेडी माफिया निगाही परियोजना के डीओ बैरियर के ठीक बगल में ढावा बना रहे हैं ताकि यहां रहकर कोयला, कबाड़ और डीजल का कारोबार कर सके। सूत्रों की माने एनसीएल की सुरक्षा एजेंसी सीकेडी माफियाओं से लाखों रुपए लेकर एनसीएल की जमीन का सौदा कर रही है।

### जयंत परियोजना में अवैध निर्माण

एनसीएल जयंत परियोजना क्षेत्र के जयंत चौकी से कुछ दूर बनारसी पान दुकान के पीछे खाली जमीन पर दर्जनों अवैध मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। चर्चा हैं कि यह अवैध निर्माण कार्य सुरक्षा एजेंसी के देखरेख में हो रहा है। सूत्रों की माने तो भू-माफियाओं से जयंत परियोजना के सुरक्षा विभाग के जिम्मेदार लाखों रुपए लेकर परियोजना की बेश कीमती जमीनों पर अवैध कब्जा करने की खुली छूट दे दी है। नतीजा जयंत परियोजना की सड़क से लगी जमीनों पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### इनका कहना

*अवैध निर्माण की शिकायत मिली है। रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन चोरी-छुपे निर्माण कार्य कर रहे हैं, जयंत चौकी प्रभारी से बात हुई है। पुलिस के सहयोग से दो-तीन दिन में बुलडोजर से डोजरिंग करवाया जाएगा।*

**सत्येंद्र कुमार पाण्डेय**
**सुरक्षा निरीक्षक निगाही**

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जिला स्तरीय खो-खो महिला प्रतियोगिता में बनी विजेता

**सीधी**



उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में जिला स्तरीय खो - खो महिला प्रतियोगिता का आयोजन 14 नवंबर को किया गया। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ.पी.के. सिंह ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सीख देते हुए खेल को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की बात कही।

प्रतियोगिता में संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी ने अपना पहला मैच एक इनिंग और 7 पॉइंट से शासकीय महाविद्यालय सिहावल को हराया। फाइनल मैच संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी और शासकीय पी जी महाविद्यालय बैढ़न के बीच में खेला गया, जिसमें संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी ने शासकीय पी जी महाविद्यालय बैढ़न को एक इनिंग और 6 पॉइंट से मात देकर जिला स्तरीय खो-खो महिला प्रतियोगिता की विजेता बनी। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.अनूप मिश्रा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किए एवं अन्य खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए खेल आज के जीवन शैली में बहुत ही आवश्यक है।

इस प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी श्यामकली सिंह, संजय गांधी महाविद्यालय सीधी से रही। संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी से सात खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसका आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में होगा।

इस प्रतियोगिता में संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी से चयनित सभी खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ.पी.के.सिंह एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ रविंद्र नाथ सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## भाजपा सरकार की अराजकता के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

**सीधी।** प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की अराजकता नाकामी किसानों के खाद बीज की उपलब्धता न होने बिजली बिल की जांच भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था की नाकामी सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी 18 नवम्बर को दिन सोमवार समय 11 बजे कलेक्ट्रेट के पास अंबेडकर चौक में धरना प्रदर्शन आयोजित कर ज्ञापन सौंपा अपना विरोध दर्ज कराएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और नाकामियों के खिलाफ जनता की आवाज मुखर की जाएगी उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण प्रदेश पदाधिकारी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं बीएलए साथी सहित किसान भाई और आमजन भारी संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाए।

# आयुष्मान कला समिति ने किया मातृशक्तियों का सम्मान

**सीधी**




कार्तिक पूर्णिमा देव दिवाली एवं गुरुनानक जी की जयंती के शुभ अवसर पर आयुष्मान कला भवन सीधी में शाम 4 बजे से रामायण पाठ का आयोजन किया गया, उसके पश्चात दीप यज्ञ अमन द्विवेदी द्वारा किया गया एवं भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात्रि तक चला रहा, जो मातृ शक्तियां निरंतर समय समय पर भजन संध्या, चालीसा में पहुंचते हैं और भक्ति भाव से कार्य करती है। आयुष्मान कला समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को जो समाज में हर क्षेत्र में अपनी एक अलग छाप बनाए हुए हैं जगह-जगह चाहे गणेश चतुर्थी हो, जन्माष्टमी हो, नवरात्रि हो, हर जगह भजन संध्या का आयोजन महिला मंडली करती रहती है,लोगों को धर्म के प्रति जागृत करने का कार्य निरंतर करती है निरंतर मंदिरों में घरों में रामायण, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, भजन आदि प्रस्तुत करती रहती है धर्म जागरण का कार्य करती ऐसी मातृ शक्तियों को, आयुष्मान कला समिति द्वारा सम्मानित किया गया सम्मानित मातृशक्तियों में मुख्य रूप से आरती मिश्रा, अनुराधा द्विवेदी, सुलोचना पांडे, गुड़िया पांडे, चंद्रमुखी सिंह, शक्ति श्रीवास्तव, रूपा मिश्रा, गायत्री गुप्ता, लक्ष्मी सितानी, गायत्री मिश्रा, किरण मिश्रा, माधुरी शुक्ला, प्रतिमा शुक्ला, मंजू पांडे, आदि मातृ शक्तियों को आयुष्मान कला समिति की सचिव श्रीमती अजीता द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि पूनम सोनी वार्ड नं 19 पार्षद भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ने की, अध्यक्षता डॉक्टर रंजना शुक्ला जी ने की विशिष्ट अतिथि कंचन केशरी भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष आदि मुख्य अतिथियों के हाथों से शाल- श्रीफल से मात्र शक्तियों को सम्मानित किया गया लास्ट में मातृशक्तियों द्वारा कार्यक्रम की सचिव एवम अतिथियो का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान कला समिति के अध्यक्ष अमन द्विवेदी, एडवोकेट स्नेह लता तिवारी, सरस्वती सोनी, अंशुमान मिश्रा, अभितांजल मिश्रा, रेखा पांडे, सुषमा पांडे, आरती पांडे, नीतू सिंह चौहान, अरुणा सिंह आदि मातृशक्तिया उपस्थित रही देर रात तक भजन संध्या का कार्यक्रम चलता रहा।

# जमीनी विवाद को लेकर सरहंगों ने की मारपीट

**सीधी।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुचवाही में बाइक से सवार होकर जा रहे दो लोगों को रास्ते में रोक कर कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता गजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा एवं पिता जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा निवासी ग्राम पोखड़ौर थाना कोतवाली सीधी दोनों पिता पुत्र ने कोतवाली थाने में पहुंचकर शिकायती आवेदन देते हुए बताया है कि दिनांक 7 नवंबर 2024 समय रात लगभग 8 बजे अपना निजी कार्यों को समाप्त कर ग्राम कुचवाही से वापस अपने गांव पोखड़ौर लौट रहे थे। उसी समय कुचवाही स्थित पोखरा पुल के समीप ओम प्रकाश विश्वकर्मा, लवकुश विश्वकर्मा, प्रवेश विश्वकर्मा, हिंछलाल विश्वकर्मा एवं जमुना प्रसाद विश्वकर्मा, सभी निवासी ग्राम पोखड़ौर थाना कोतवाली सीधी पहले से ही घात लगाकर बैठे हुए थे जो अचानक बीच सडक़ में बाइक रुकवाकर डंडे, हॉकी, लोहे के रॉड एवं कुल्हाड़ी से मारने लगे और मोबाइल भी छीन ले गए। गनीमत रही कि रात के घने अंधेरे में जिस समय हमला हुआ उसके थोड़ी देर बाद ही उस रास्ते से एक वाहन गुजरा, जिसका प्रकाश पड़ते ही सभी आरोपियों ने यह कहकर छोड़ दिया कि इस बार बच गए हो अगली बार परिवार सहित तुम्हें समाप्त कर देंगे। फिलहाल शिकायतकर्ता गजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा एवं जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा ने पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए परिवार के सुरक्षा की मांग की है और न्याय की गुहार लगाई है। वहीं कोतवाली थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा है कि मामले की शिकायत पर निष्पक्ष रूप से हर पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई है। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# शुरू होने से पहले ही नष्ट हो गई पानी की टंकी

## रौहाल में गुणवत्ता विहीन टंकी का हुआ निर्माण

**सीधी।** जिला और भ्रष्टाचार का एक गहरा नाता है लेकिन भ्रष्टाचार अगर विधायक के गृह ग्राम में हो जाए तो एक बड़ी बात निकलकर सामने आ जाएगी। जहां इस बार क्षेत्रीय विधायक के गांव में ही भ्रष्टाचार की एक बड़ी पराकाष्ठा देखने को मिली है। नल जल योजना के तहत सभी को पानी की सौगात देने के लिए मध्य प्रदेश सरकार की योजना है लेकिन उनकी इस योजनाओं को पाटिल लगाने के लिए ठेकेदार और कुछ अधिकारी मिलकर एक बड़ा खेल कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि खुद विधायक के गांव में भ्रष्टाचार का खेल हो रहा है लेकिन विधायक को इस बात का पता ही नहीं है। मिली



जानकारी के अनुसार विधायक के गृह क्षेत्र रौहाल में लोगों के पीने के लिए पानी की टंकी का निर्माण शासन के द्वारा कराया गया है जहां साफ और स्वच्छ पानी लोगों तक उपलब्ध हो इसके लिए यह कार्य कर रही है। लाखों रुपए की लागत से निर्मित पानी की टंकी तो बना दी गई लेकिन पहले ही टेस्टिंग में वह फेल हो गई। टंकी में दरारें आ गई जिसकी वजह से पानी का सीपेज़ बढ़ गया और पानी टंकी में रुक ही नहीं रहा था।

### पाइप में भी किया गया भ्रष्टाचार

पानी की टंकी का निर्माण कार्य तो घटिया था ही लेकिन उसके अलावा पानी की टंकी से जो सप्लाई लोगों के घरों तक पहुंचती है। उसके पाइप को भी उन्होंने नहीं छोड़ा है। यह टंकी 125 किलोलीटर की थी जिसमें 1200 मीटर की में पाइप स्वीकृत हुई थी लेकिन यह पाइप 1200 मीटर की है ही नहीं उसमें भ्रस्टाचार कर कर दिया गया। इतना ही नहीं वितरण की पाइप 11000 मी करनी थी लेकिन इसमें भी बंदर वाट लगातार किया जा रहा है।

# खलिहान में लगी आग, फसल हो गई खाक



**सीधी।** जिले के कुसमी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मेडरा में किसान के खलिहान मे शुक्रवार बीती रात्रि मे रखी लाखों की फसल जलकर खाक हो गई है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार भइया लाल यादव पिता रामदास यादव ग्राम मेडरा अपने घर के पास ही खलिहान बनाए हुए थे पास में ही बिजली का खंभा था अचानक शार्ट सर्किट होने की वजह से खंभे से चिंगारी उठी और खलिहान मे रखी फसल धान कोदो तिली की फसल अचानक तेजी के साथ धू-धू कर जलने लगी तब जाकर किसान को पता चला और काफी प्रयास करने के बावजूद भी वह फसल नही बचा सका फसल जलकर खाक हो गई जिससे किसान का लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। वही किसान ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। घटना शुक्रवार बीती रात्रि की बताई जा रही है। पूरे घटना के संबंध पर हल्का पटवारी के द्वारा प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है।

# यूपीएससी और एमपीपीएससी की नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस जारी

## जिला पंजीयक अभिषेक बघेल ने दिया करंट अफेयर्स पर लेक्चर

**सीधी।** जिला पंजीयक अभिषेक बघेल ने जनपद पंचायत के सभागार में संचालित यूपीएससी और एमपीपीएससी नि:शुल्क कोचिंग के छात्र-छात्राओं को करेंट अफेयर्स पर लेक्चर दे रहे थे। इस दौरान सहायक संचालक नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस किरण भारती, शिक्षिका दीक्षा लोधी, शिक्षक गुरुदेव मिश्रा और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



व्याख्यान के दौरान जिला पंजीयक अभिषेक बघेल ने पीएम विजयलक्ष्मी योजना, सेमीकॉन इंडिया 2024, हूलोंगापार वाइल्डलाइफ सेंचुरी, लॉ कमीशन आदि पर विस्तार से चर्चा की। खेलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कुछ खिलाड़ियों के नाम और उनसे संबंधित खेल के बारे में बताया जैसे अर्जुन इरिगेसी- शतरंज, तनुश्री पांडे- सॉफ्ट टेनिस आदि। साथ ही उन्होंने बताया कि करेंट अफेयर्स से क्वेश्चंस कैसे बनते हैं और कहा कि वह स्वयं प्रत्येक शनिवार को करेंट अफेयर्स की क्लास लिया करेंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर जिला प्रशासन तथा आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज निरंतर रूप से संचालित हो रही है।

## सडक़ की समस्या से परेशान सेमरी की जनता

**सिहावल।** सडक़ की समस्या को लेकर भले ही प्रधानमंत्री सडक़ योजना लागू की गई है लेकिन सिहावल ब्लॉक की अधिकतर पंचायतों में इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हालात यह है कि सेमरी पंचायत में भी मुख्य मार्ग में सडक़ की हालत खस्ता है। यहां तक कि चलना भी मुश्किल हो रहा है। सरकार इस मामले में कोई पहल नहीं कर रही है। इसके लिए विद्यालय के बच्चों सहित आम नागरिक परेशान होते हैं। इसकी शिकायत विधायक सहित जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है लेकिन कोई पहल नहीं हो पा रही है।

# डेढ़ कीमती कोरेक्स सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिहावल।** नशा विरोधी विशेष अभियान के तहत अमिलिया पुलिस ने लगभग 1 लाख 44 हजार रूपये कीमती मशरूका 300 नग आनरेक्स कफ सिरप एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं 1 नग मोबाईल फोन जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिण् पुलिस अधीक्षक सीधी अरविंद श्रीवास्तव व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत अमिलिया पुलिस ने लगभग 1 लाख 44 हजार रुपए कीमती 300 नग कफ सिरप एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल मय मोबाईल फोन के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर मामला पंजीबद्ध किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 16 नवंबर 2024 को थाना अमिलिया पुलिस को मुखविर सूचना मिली कि हनुमना तरफ से यूपी पासिंग स्पेलण्डर से दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ ऑनरेक्स कफ सिरप लेकर विक्री हेतु लेकर आ रहे है। थाना प्रभारी अमिलिया द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर रेड़ कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार स्थान कोदौरा तिराहा पर भेजा गया। आरोपी से उक्त अवैध नशीली आनरेक्स कफ शीरप 300 नग कीमती 54000 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 80 हजार एवं मोबाईल फोन कीमती 10 हजार कुल कीमती 1 लाख 44 हजार की जप्ती की जाकर आरोपी का उक्त कृत्य धारा 5/13 मप्र ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम एवं 8/21, 22, 27, एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

# रोजगार सहायक की दबंगई, घर में घुस कर की गई मारपीट

**सीधी।** रोजगार सहायक की दबंगई इस कदर बढ़ गई कि घर में घुसकर मारपीट करने की वारदात की गई। हालांकि मामला कुछ और होगा लेकिन अचानक घर में घुसकर मारपीट करने की शिकायतें सामने आई हैं। यह मामला ग्राम पंचायत क्षेत्र सतनरा पावई का होना बताया गया है जहां कि रोजगार सहायक शुभलायक कोल बीते दिन गुरुवार की शाम राजेंद्र सिंह गोंड के घर में रात 11 बजे छिपा था। शराब के नशे पाया गया, पीड़ित नीरज सिंह गोंड के बताने के अनुसार उस की भाभी ओर यह की बहन दो छोटे-छोटे बच्चे थे। घर में नीरज को पहले से भी शक था कि उसकी भाभी से रोजगार सहायक का अनैतिक सम्बंध था। इस दौरान दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह से ही उस के आदमी शमशेर कोल, सुंदर कोल, रामकुशल गुड्डू कोल और कई अन्य लोग नीरज को कॉल कर करके पूंछते रहे कि कहां हो।

पूरे मामले को लेकर यह है कि प्रेम प्रसंग की वजह से मारपीट की वारदातें हुई हैं। जिसमें कि मारपीट की जो वारदातें हुई उस पर पुलिस से चर्चा की गई लेकिन जमोड़ी थाना प्रभारी एवं पुलिस चौकी अस्पताल में इसकी स्पष्ट जानकारी देने से परहेज किया गया है।

जबकि पीड़ित अस्पताल में भर्ती थे। इस मामले में जहां तक जानकारी मिली है प्रेम प्रसंग की वजह से दोनों के साथ मारपीट हुई है। इस मामले में पुलिस स्पष्ट रूप से कुछ बताने को तैयार नहीं है।

# नहर मरम्मत के नाम पर लंबे घोटाले की हो रही शिकायतें

## घांस एवं मरम्मत के नाम पर आई रकम भी डकार रहे अधिकारी

**सीधी।** महान परियोजना सीधी अंतर्गत गुलाब सागर बांध में मुख्य नहर एवं माइनर नहरों की मरम्मत के नाम पर भी भारी-भरकम रकम डकारने की जानकारी मिली है। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा हर डिवीजन में 20 लाख रुपए नहर मरम्मत एवं सफाई के लिए दिया जाता है। उसके बाद भी अभी मरम्मत करने से भी परहेज किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने रकम डकारने में कोई कसर नहीं छोंड़ रहे हैं। यदि जांच की जाए तो इस मामले में भी जिम्मेदार अधिकारी घेरे में आ सकते हैं।

मालूम हो कि महान नहर परियोजना के घोटालों की पर्तें पहले भी थीं। नहर बनाने से लेकर जितना घोटाला हुआ वह किसी से छिपा नहीं है। तत्कालीन अधिकारियों ने



लंबा घोटाला किया। हालात यह रही कि नहर बनने के बाद कई गांवों में गुणवत्ता की अनदेखी के कारण नहर फूट गई एवं गांव की फसलें तबाह हो गई थी। अब मरम्मत के नाम पर भी अनदेखी हो रही है। जिम्मेदार अधिकारी बजट लेने के बाद जमीनी स्तर पर काम करने से परहेज करते देखे जा रहे हैं। जिस वजह से लंबी शिकायतें मिल रही हैं।

इस मामले में महान परियोजना के कार्यपालन यंत्री पीके त्रिपाठी ने कहा कि जरूरत के हिसाब से काम हो रहा है। नहरों की मरम्मत में किसी तरह से लापरवाही नहीं बरती जा रही है। उन्होने कहा कि बारिश के कारण इस बार ज्यादा नहर टूट गई है। इसके लिए निरीक्षण भी किया जा रहा है। हिसाब से ज्यादा बजट नहीं आया है। इसके पहले भी यह स्थितियां बनी थीं। उन्होने कहा कि इसका बजट जल उपभोक्ता संस्था में आता है। भुगतान प्रक्रिया के लिए हम लोग काम करते हैं।

इस मामले में महान नहर के एसडीओ का अलग जवाब रहा जिसमें कि एसडीओ आरके सिंह ने कहा कि अभी फूटी कौड़ी नहीं आई है। इसकी जानकारी हमें नहीं है। बजट आया होगा तो अलग बात है लेकिन हमें तो यही मालूम है कि कुछ बजट नहीं आया। वहीं दूसरे एसडीओ ने इस तरह का ही गोलमाल जवाब दिया है। कुल मिलाकर कार्यपालन यंत्री एवं एसडीओ का बयान कुछ अलग ही दिख रहा है। ऐसे में कहीं न कहीं लगता है दाल काली या पूरी दाल ही काली है।

महान नहर अंतर्गत गुलाब सागर में मरम्मत के नाम पर नहरों की सफाई के लिए बजट का बंदरबाट की शिकायतें हुई थी। जिस पर अधीक्षण यंत्री भी निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके द्वारा मौके पर आवश्यक निर्देश भी दिया गया। अब देखना है कि इस मामले में अग्रिम कार्यवाही क्या होती है। इस दौरान अधीक्षण यंत्री सहित कार्यपालन यंत्री पीके त्रिपाठी एवं एसडीओ भी मौजूद रहे।

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा भले ही करोड़ों का बजट दिया जा रहा है लेकिन जिनको काम कराना है उनकी दिलचस्पी कम काम कराकर ज्यादा से ज्यादा बजट खर्च करने की बनी हुई है। ऐसा ही मामला जिले में जनपद पंचायत सीधी का सामने आया है। यहां की आठ ग्राम पंचायतों के 17 गांव में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 1268 लाख का बजट मंजूर किया गया था। वर्ष 2022-23 में 7.10 लाख व्यय किए गए। यह लगभग प्रावधानित राशि का आधा के करीब हिस्सा है। वहीं सूत्रों का कहना है कि बिना किसी अनुमति के एक करोड़ रुपए एपीओ दीपक अहिरवार द्वारा व्यय कर दी गई। जो कि भारी वित्तीय अनियमितताओं में शामिल हैं। इस पर जांच कराकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग भी की जा रही है। विडंबना यह है कि करोड़ों का बजट खर्च होने के बाद भी मौके पर आवश्यक काम नहीं हो सका।

## संपादकीय

### डॉक्टरों की मुश्किल, इच्छा मृत्यु पर गाइडलाइन का ड्राफ्ट

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इच्छा मृत्यु को लेकर जारी किए गए गाइडलाइंस के मसौदे ने इस पर जारी बहस को तेज कर दिया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी यह कहते हुए आपत्ति की है कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटाए जाने का फैसला करने की जिम्मेदारी डॉक्टरों पर डालना ठीक नहीं है। इससे उन पर दबाव बढ़ जाएगा। संवेदनशील मसला - इच्छा मृत्यु के भावनात्मक, कानूनी और चिकित्सकीय पहलू इससे जुड़े किसी भी मामले में फैसला लेना कठिन बना देते हैं। लेकिन फिर भी फैसला तो करना ही होता है। सुप्रीम कोर्ट भी 2018 में निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की कुछ शर्तों के साथ इजाजत दे चुका है। ऐसे में फैसले की प्रक्रिया जितनी स्पष्ट और परिभाषित होगी, फैसला लेना और उसे लागू करना उतना आसान होगा। सरकार की ओर से गाइडलाइंस जारी करने की पहल के पीछे यही सोच है।गाइडलाइंस के मसौदे को देखें तो इसमें यह प्रयास स्पष्ट नजर आता है कि फैसला कई स्तरों पर परखे जाने के बाद ही अमल में आए। इसके मुताबिक, लाइफ सपोर्ट सिस्टम की जरूरत और उसकी उपयोगिता पर फैसला करने वाले प्राइमरी मेडिकल बोर्ड में प्राइमरी फिजीशन के अलावा कम से कम दो ऐसे एक्सपर्ट होंगे, जिनके पास कम से कम 5 साल का अनुभव होगा। इसके बाद सेकंडरी मेडिकल बोर्ड इस फैसले की समीक्षा करेगा, जिसमें सीएमओ द्वारा मनोनीत एक रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के अलावा दो एक्सपर्ट होंगे। इसके साथ ही पेशंट के परिवार की सहमति भी जरूरी होगी।केस की बारीकी के आधार पर निष्कर्ष तो आज भी डॉक्टरों का ही होता है, लेकिन वे पेशंट या परिजनों को पूरी स्थिति समझाते हैं और फिर पेशंट या परिवार फैसला करता है। फैसला करने से डॉक्टरों की हिचक समझी जा सकती है। दरअसल, यह प्रफेशन ही मरीजों को बचाने का है। डॉक्टर आखिरी पल तक मरीज को बचाने का प्रयास करते हैं, भले ही कुछ मामलों में यह कोशिश नाकाम हो जाए। ऐसे में इलाज के दौरान किसी खास बिंदु पर उन प्रयासों से हाथ खींचने का फैसला स्वाभाविक ही कई डॉक्टरों को अपने पेशे से अन्याय लग सकता है।मगर यहां कई पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि जीवन की गरिमा के साथ ही मौत की गरिमा का सवाल भी जुड़ा है। फिर संसाधनों के सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल की भी बात है।

# न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में है आज की पीढ़ी

**आज की पीढ़ी तेजी से न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी कि पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़ जाल में उलझती जा रही है। मजे की बात यह है कि इसमें हम केवल और केवल बच्चों या युवाओं को ही दोष नहीं दे सकते बल्कि देखा जाए तो इंटरनेट और सोशियल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव से ग्रसित लोग इन हालातों से दो चार होते जा रहे हैं। चिंतनीय यह है कि फोकस नाम की चीज खोती जा रही है और उसके स्थान पर मानसिक भटकाव लेता जा रहा है। होता यह है कि एक काम करने की सोचते हैं उतनी देर में दूसरे काम पर ध्यान चला जाता है तो कुछ ही देर में तीसरे काम को पहले करने की सोचने लगते हैं।**

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

दरअसल पॉपकॉर्न ब्रेन शब्द का उपयोग 2011 में वाशिंगटन विश्वविद्यालय में उस समय शोध कर रहे डेविड लेवी ने उपयोग किया था। यह एक तरह से इस तरह की मानसिकता को दर्शाते हुए किया गया था कि मन का स्थिर नहीं रहना।

आज की पीढ़ी तेजी से न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी कि पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़ जाल में उलझती जा रही है। मजे की बात यह है कि इसमें हम केवल और केवल बच्चों या युवाओं को ही दोष नहीं दे सकते बल्कि देखा जाए तो इंटरनेट और सोशियल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव से ग्रसित लोग इन हालातों से दो चार होते जा रहे हैं। चिंतनीय यह है कि फोकस नाम की चीज खोती जा रही है और उसके स्थान पर मानसिक भटकाव लेता जा रहा है। होता यह है कि एक काम करने की सोचते हैं उतनी देर में दूसरे काम पर ध्यान चला जाता है तो कुछ ही देर में तीसरे काम को पहले करने की सोचने लगते हैं। इस सबका बड़ा कारण खासतौर से इलेक्ट्रोनिक गजेट्स और लेपटॉप के माध्यम से इंटरनेट की दुनिया को अत्यधिक समय देने का यह साइड इफेक्ट होने लगा है। टीवी पर बार बार चैनल बदलना, एक गाने को पूरा होने से पहले ही दूसरे गाने को लगा देना, मस्तिष्क में एक ही समय कई चीजों का चलना आदि पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम की निशानी है। चिकित्सकीय भाषा में कहा जाए तो यह एडीएचडी यानी कि अटेंशन डेफिसिट हाईपरएक्टिविटी डिस आर्डर की स्थिति होती है। बिना सोचे समझे रिएक्शन, तनाव, काम में फोकस नहीं कर पाना, डिप्रेशन में रहना आदि का कारण मोटे रुप से पॉपकॉर्न ब्रेन के रुप में देखा जा सकता है।

दरअसल पॉपकॉर्न ब्रेन शब्द का उपयोग 2011 में वाशिंगटन विश्वविद्यालय में उस समय शोध कर रहे डेविड लेवी ने उपयोग किया था। यह एक तरह से इस तरह की मानसिकता को दर्शाते हुए किया गया था कि मन का स्थिर नहीं रहना। एक तरह से भ्रमित मानसिकता भी इसे कहा जा सकता है। मजे की बात यह है कि जिस तरह से पॉपकॉर्न ब्रेन का विस्तार होता जा रहा है यानी कि जिस तरह से अधिक से अधिक लोग इसके मकड़जाल में उलझते जा रहे हैं वह अपने आप में गंभीर होने के साथ ही अत्यधिक चिंतनीय भी है। एक



दो नहीं इन हालातों का पूरे समाज पर असर पड़ रहा है। आज दूध पीते बच्चे को भी मोबाईल थमाकर शांत रखने की प्रवृति आम होती जा रही है उसके दुष्परिणाम सामने आने में देर नहीं लगेगी। बच्चें हाईपर होते जा रहे हैं। जब बच्चों में ही यह होने लगा है तो रातदिन जिस तरह से सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म में लगे रहते हैं उनकी क्या मनोदशा हो जाएगी यह किसी से छुपी हुई नहीं होनी चाहिए। मनोविश्लेषकों के अनुसार यह एक तरह की न्यूरोप्लास्टिसिटी है।

देखा जाए तो एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव सीधे हमारी मनोदशा को प्रभावित कर रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से गुस्सेल होते जा रहे हैं। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि आज गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि समाज संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देषों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है।

कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्मार्टफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके सामने आ रहे दुष्प्रभावों को समझना होगा। पॉपकॉर्न ब्रेन को लेकर मनोविज्ञानी और चिकित्सक दोनों ही समान रुप से चिंतित है। सुझाया जा रहा है कि दिन चर्या को नियमित करके समय प्रबंधन को बेहतर बनाकर कुछ हद तक इस समस्या को कम किा जा सकता है। इसके साथ ही सोशियल मीडिया और इलेक्ट्रोनिक गजेट्स पर आवश्यकता से अधिक समय नहीं दिया जाना जरुरी हो जाता है। जितना कम तकनीक का उपयोग होगा और अनावश्यक रुप से इन पर समय नहीं दिया जाएगा तो एक तरह से ब्रेन डिसआर्डर की इस समस्या से या यों कहे कि पॉपकॉर्न ब्रेन की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। उलझनों के भ्रम जाल से बचा जा सकेगा। योग प्रक्रियाएं और नियमित दिनचर्या भी इस समस्या को एक हद तक दूर कर सकती है। इसलिए पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोंम की गंभीरता और उसके दुष्परिणामों को समय रहते समाधान करना होगा।

# भाजपा के नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' में विरोधियों का हो रहा विरोध और एनडीए का नकारात्मक साथ

अशोक भाटिया

देश के दो राज्यों में विधानसभा का चुनाव जोरशोर से हो रहा है। महाराष्ट्र में 20 तारीख को सम्पूर्ण प्रान्त व झारखंड में दूसरे चरण की 38 पर व कुछ राज्यों में उपचुनाव की 14 सीटों का चुनाव हो रहा है। इन चुनाओं में एक नारा गूंज रहा है बटेंगे तो कटेंगे। इसे दिया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कट्टर हिंदू की छवि वाले आदित्यनाथ ने। उन्होंने यह नारा तब दिया जब पड़ोसी बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद वहां हिंदुओं पर हमले शुरू हो गए। देखते ही देखते यह नारा काफी मशहूर हो गया। इस नारे का इस्तेमाल हरियाणा और जम्मू कश्मीर के चुनाव में भी हुआ था। विपक्ष ने इसे धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास बताते हुए इसकी आलोचना की। इस नारे का इस्तेमाल भाजपा के नेता तो कर रहे हैं। लेकिन एनडीए में उसके सहयोगी दल इससे खुश नजर नहीं आ रहे हैं। वो इसकी आलोचना कर रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ इस नारे को देश की एकता से जोड़कर बताते हैं। उनका कहना है कि हमारी ताकत एकता है। उनका कहना है कि अगर हम बंट गए तो हमारा पतन हो जाएगा। इसलिए हमें हर हाल में एक रहना है।वो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के समय विपक्ष पर चुप रहने का भी आरोप लगाते रहे हैं। उनका कहना है कि विपक्ष फिलस्तीन पर तो प्रतिक्रिया देता है, लेकिन बांग्लादेश पर चुप्पी साध लेता है, क्योंकि उसे वोट बैंक की चिंता है।

बहरहाल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंटेंगे तो कटेंगे का नैरेटिव इस तरह सेट किया, जिसे भाजपा के शीर्ष नेताओं और आरएसएस का तो समर्थन मिला ही मिला। पीएम मोदी से लेकर अमित शाह तक अपनी रैलियों में इसका जिक्र करते नजर आ रहे हैं। विपक्षी पार्टियां इससे हट कर कोई और नारा देने की जगह इसी के इर्द गिर्द अपने नारे और सियासी एजेंडा गढ़ने में जुटी है। इस तरह से सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही अपने-अपने हिसाब से सियासी एजेंडा सेट करने में लगी हैं।

आपको बता दे कि बांग्लादेश के संदर्भ में दिया गया यह नारा बटेंगे तो कटेंगे उत्तरप्रदेश की सियासी फिजा में गूंजा और फिर धीर-धीरे जातियों में बिखरे हुए हिंदुओं को एकजुट करने की नैरेटिव में तब्दील होने लगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ योगी के नारे पर अपनी सहमति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रहने का संदेश दे कर एक तरह से इसकी तस्दीक ही करते नजर आए हैं। विजयादशमी के मौके पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बांग्लादेश के बहाने हिंदुओं को एकजुट रहने की बात करके सीएम योगी के बयान का समर्थन कर दिया था।

संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मथुरा में साफ कहा था कि हिंदू एकता संघ का जीवन वृत है। हम यह बात आग्रहपूर्वक कहेंगे और आगे इसके लिए प्रयास भी करेंगे। योगी के 'कटेंगे तो बटेंगे' बयान पर संघ का स्पष्ट कहना है कि हिंदू एकता लोक कल्याण के लिए है। हमें अपने को भी बचाए रखना है और दुनिया का भी मंगल करना है। ऐसे में हिंदू एकता जरूरी है। इस बारे में खुद होसबाले ने बताया कि जाति के आधार पर और विचारधारा के आधार पर हिंदुओं की एकता को तोड़ने का काम किया जा रहा है।

भाजपा और संघ इस बात को समझ रहे हैं कि जातीय राजनीति के असर की वजह से 2024 के लोकसभा चुनाव में उसे सियासी नुकसान उठाना पड़ा था। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में नंबर वन पार्टी थी, लेकिन 2024 में भाजपा को दोनों प्रदेशों में झटका लगा था। इसके चलते भाजपा एक रणनीति के तहत हिंदुओं को एकजुट करने के लिए बंटेंगे तो कटेंगे के नैरेटिव को पूरी तरह सेट करने में जुटी है, ताकि सियासी फिजा को अपने पक्ष में कर सके।

सीएम योगी से लेकर पीएम मोदी और अमित शाह सहित भाजपा के तमाम नेता बटोगे तो कटोगे और एक रहोगे तो सेफ रहोगे की बात को हर रैली में दोहरा रहे हैं। पीएम मोदी का नारा दलित-पिछड़े वर्गों के बीच दरार पैदा करने के लिए और कथित रूप से विभाजनकारी राजनीति में शामिल होने के लिए कांग्रेस की आलोचना के रूप में अब प्रचारित किया जाने लगा है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि पार्टी का एकमात्र एजेंडा एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा था वे नहीं चाहते कि एससी, एसटी और ओबीसी आगे बढ़ें और उन्हें उचित पहचान मिले। याद रखें, 'एक हैं तो सेफ हैं'।

सीएम योगी के द्वारा खड़े किए गए बंटेंगे तो कटेंगे वाले सियासी नैरेटिव का डिफेंड करने के बजाय विपक्ष उसी आक्रमता के साथ जवाब दे रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पीएम मोदी से लेकर सीएम योगी तक की आलोचना कर रहे हैं। खड़गे ने महाराष्ट्र में कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं बटेंगे तो कटेंगे, अगर हम एकजुट हैं तो सुरक्षित हैं, लेकिन असली खतरा किसे है? क्या कोई समस्या है, क्या देश को संघ, भाजपा और मोदी से खतरा है?

योगी के 'बटेंगे तो कटेंगे' के नैरेटिव को अखिलेश यादव खुलकर काउंटर करने का दांव चल रहे हैं और उसे जातीय के एजेंडे पर सेट कर रहे हैं। अखिलेश हर रोज इस पर अपना बयान दे रहे हैं और बार-बार यही कहते नजर आते हैं दलित-पिछड़े-अल्पसंख्यक जुड़ेंगे तो जीतेंगे। पीडीए एक है और नेक है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी ने इस नारे को मुस्लिमों से जोड़ दिया और कहा कि मुसलमानों के घर बुलडोजर से तोड़ने वाले, कैसे समाज को जोड़ने का काम करेंगे। आप सांसद संजय सिंह कहते हैं कि भाजपा को हिन्दुओं की चिंता नहीं, उसे केवल चुनाव जीतने की चिंता है। आरजेडी की प्रवक्ता प्रियंका भारती ने कहा कि जाति के आधार पर लोगों को किसने बांटा है? समाज में आज भी मूंछ रखने या शादियों में घोड़ी पर चढ़ने के लिए दलितों पर हमला और उनकी हत्या कौन कर रहा है?

## वर्ग पहेली 5554



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. विश्व का एक मात्र देश जिससे होकर भूमध्यरेखा और मकर रेखा दोनों ही गुजरती है (3)
4. तरल पदार्थ, निर्यास, जूस, द्रव (2)
6. हाथी के समान शक्ति या ताकत (4)
8. देश-प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बनाए गए नियम (3)
9. टेढ़ा, कुटिल, कोणाकार, मोड़दार (2)
10. रिपोर्ट का अपभ्रंश, फिसलन, ढलान (3)
12. समाचार पत्र को यह भी कहते है (3)
15. अगल-बगल, पास-पड़ोस, मुहम्मद रफी ने अंतिम गीत इस फिल्म के लिए गाया था (1980)(4)
17. अंतवर्ण, अछूत, चुतर्थ वर्ण (2)
18. विमान दौड़ पट्टी, धावन पट्टी (3)
20. प्राचीन काल की दो पहिए या चार पहिए वाली गाड़ी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. रूबल मुद्रा का प्रचलन इस देश में है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्रसाण होना (5)
2. प्रेम संबंध को यह भी कहते है (5)
3. तरकारी, सब्जी-भाजी (2)
4. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
5. शिकन, सिकुडन, वलय, गुजल्क (4)
7. अंतरकण, अंतरात्मा, कानशंस (3)
11. सन कपड़ा, अलसी, कालशाक (4)
13. महाभारत के अनुसार दुर्योधन का बहनोई जो दुःशला का पति था (4)
14. महीन कंटक, खपची, अवरोध, उलझन (2)
15. इज्जत, प्रतिष्ठा, इस्मत, नेकनामी, सतीत्व (3)
16. दूरस्थ तट, नितांत अंत, छोर (2)
17. वीर पुरुष, बहादुर, पराक्रमी (2)
19. फूलों की घनी गुथी छोटी माला जिससे स्त्रियों बालों को श्रृंगारित करती है (2)

### वर्ग पहेली 5553 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | वे | ज | मु | श | र्र | फ |
| र | ज | त | प | ट | | | की |
| शु | | न | | री | ति | का | र |
| रा | म | दा | रा | | त | क | |
| म | म | ता | | बा | ली | | सं |
| | ता | | जू | ल | | दा | ता |
| का | म | ना | | कां | ति | मा | न |
| ज | य | | रो | ड | | द | |

# दो महीने में जेईई मेन्स-2025 परीक्षा की तैयारी कैसे करें?

विजय गर्ग

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर सत्र 1 और सत्र 2 के लिए जेईई मुख्य परीक्षा तिथि 2025 जारी कर दी है। जेईई मेन सत्र 1 परीक्षा 2025 22 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी। सत्र 1 परीक्षा शुरू होने में लगभग दो महीने शेष हैं, इच्छुक उम्मीदवारों को अपनी तैयारी के स्तर में तेजी लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। अब समय आ गया है कि उम्मीदवार सभी महत्वपूर्ण पाठ्यपुस्तकों, पुनरीक्षण सामग्री, पिछले वर्षों के पेपर, नमूना और प्रश्न पत्रों के साथ खुद को तैयार कर लें और 360ए तैयारी के लिए अपना सब कुछ झोंक दें।

जेईई मेन तैयारी 2025 में मानक एनसीईआरटी किताबें और अन्य लेखकों द्वारा प्रकाशित सामग्री पढ़ने से लेकर परीक्षा से दो महीने पहले तैयारी की स्थिति का अंदाजा लगाने के लिए टेस्ट सीरीज़ लेने तक सब कुछ शामिल है। जेईई मेन परीक्षा 2025 एक प्रतिस्पर्धी परीक्षा है जो उम्मीदवारों से तीव्र तार्किक सोच, अवधारणाओं और संबंधित विषयों की स्पष्ट समझ और प्रश्नों के लगातार अभ्यास के साथ-साथ अत्यधिक फोकस की मांग करती है।

**जेईई मेन तैयारी 2025** - जेईई मेन परीक्षा 2025 की समग्र तैयारी के लिए, छात्रों को मुख्य रूप से तीन विषयों को कवर करना होगा यदि उनका लक्ष्य बी.टेक प्रवेश के लिए है - भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित। प्रत्येक अनुभाग में दो प्रकार के प्रश्न होते हैं - वस्तुनिष्ठप्रश्न (एमसीक्यू) और ऐसे प्रश्न जिनके लिए उत्तर एक संख्यात्मक मान है। विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले वर्ष के विपरीत, जेईई मेन परीक्षा पैटर्न 2025 को बिना किसी वैकल्पिक प्रश्न के संशोधित किया गया है, जिससे परीक्षा कुछ हद तक कठिन हो गई है।

सत्र 1 की परीक्षा के लिए दो महीने शेष रहते हुए, उम्मीदवार की जेईई मेन की तैयारी उस विषय से शुरू होनी चाहिए जिसमें उनकी पकड़ नहीं है। जिस विषय/अवधारणा/अध्याय का महत्व सबसे अधिक है या परीक्षा में पूछे जाने की अच्छी संभावना है, उसे समझने के लिए शिक्षकों या विशेषज्ञों (ऑफ़लाइन या ऑनलाइन) की मदद लेने की अनुशंसा की जाती है। जेईई मेन तैयारी युक्तियाँ कोई जादुई छड़ी नहीं हैं जो उच्च स्कोर की गारंटी देंगी। हालाँकि, प्रभावी रणनीतियों को ध्यान में रखने और उनका लगातार पालन करने से परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को काफी मदद मिल सकती है। जेईई मेन एक चुनौतीपूर्ण परीक्षा है, जिसमें आईआईटी और शीर्ष एनआईटी में बी.टेक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के लिए काफी कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। जेईई मेन 2025 परीक्षा की तैयारी करने वाले उम्मीदवार निम्नलिखित रणनीतियों को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने पर विचार कर सकते हैं :-

**जेईई मेन सिलेबस 2025 को पूरा करें :** कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान दें- एक बार जब आप पाठ्यक्रम पूरा कर लें, तो उन विषयों की पहचान करें जहां आप सहज नहीं हैं। सुधार के लिए इन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करें, साथ ही उन विषयों का अभ्यास भी जारी रखें जिनमें आप पहले से ही मजबूत हैं। इन परिचित क्षेत्रों में कठिन प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें। एक टेस्ट सीरीज़ में नामांकन करें: एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान से एक व्यापक टेस्ट सीरीज़ चुनें, और पूरी तैयारी के बाद प्रत्येक परीक्षा को गंभीरता से लें। अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करें: प्रत्येक परीक्षण के बाद, अपने प्रदर्शन का आकलन करें और उन विषयों पर ध्यान दें जहां आप अच्छा स्कोर नहीं कर रहे हैं।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप अपने जरूरी कार्य को पहले पूरा करेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। अपना काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी। आप अपने सोशल सर्कल में मेलजोल बढ़ाने में कामयाब होंगे।

**वृष**

आज दिन तरक्की से भरा होगा और आपको दिन के पहले हिस्से में आपको छुटपुट धन का लाभ होने की संभावना है। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती। आपको अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए।

**तुला**

आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपके ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां निभाने का दिन है। घर के सभी पुराने लटके हुए काम पूरे होंगे और आपकी तरक्की होगी। दिन के दूसरे हिस्से में आपको अपने दोस्तों का भरपूर साथ मिलेगा।

**वृश्चिक**

आज दिन सामान्य रहेगा और किसी दोस्त या रिश्तेदार को दिया गया छोटा मोटा कर्ज आपको वापस मिल सकता है। आज आपको दिन से पहले हिस्से में दूसरों की आर्थिक मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है। किसी कठिन समस्या का हल निकल आएगा।

**मिथुन**

आज ऑफिस के मामले में लाभ होगा। आपको आपके कर्मक्षेत्र यानी ऑफिस में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम को करने में आपकी रुचि काफी बढ़ेगी। जरूरी सामान की खरीद करने में दिन बीतेगा। घर में बड़े बुजुर्गों से बहसबाजी में न उलझें तो आपको लाभ होगा।

**कर्क**

आज दिन खुशियों से भरा रहेगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। आपकी तरक्की होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। किसी डिबेट में आपकी जीत हो सकती है। आपको बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेनी पड़ सकती है और आपको उससे लाभ होगा।

**धनु**

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आपके पास कारोबार में लाभ हासिल करने के कई शानदार अवसर आएंगे। आपकी तरक्की होगी और किस्मत चमकेगी। आपके पास खुद को साबित करने के कई मौके आएंगे। उन मौकें को पहचानकर उन पर खरा उतरना आपकी जिम्मेदारी है।

**मकर**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आप दूसरों के इमोशंस को पहचानें और उनके अनुसार चलें तो आपको लाभ होगा। कभी कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परहेज नहीं है। ऑफिस में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी कठिन प्रॉब्लम का हल निकालने में सफल हो पाएंगे।

**सिंह**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके अंदर एक नई शक्ति और एनर्जी रहेगी। किसी लव अफेयर को लेकर भी आप काफी एक्साइटेड रहेंगे। दिल की बात जुबान पर लाने का यह सबसे अच्छा समय है। ऑफिस में आपके प्रमोशन या सैलरी बढ़ाने की बात चल रही है।

**कन्या**

आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपके लिए लाभ के साथ ही तरक्की के योग भी बन रहे हैं। आपको दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी फोन कॉल्स और ईमेल्स का जवाब देना पड़ सकता है और आप उसी में काफी बिजी रहेंगे। कोई पुराना दोस्त अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है।

**कुंभ**

आज दिन सफलता से भरा होगा और धन लाभ के साथ ही कारोबार में आपकी तरक्की होगी। आप पुराने कर्ज को चुकाने में आपको सफलता प्राप्त होगी। आप अपनी जेब का ख्याल रखें और फालतू खर्च करने से बचें। जरूरी सामान की शापिंग करनी पड़ सकती है।

**मीन**

आज दिन का आरंभ शुभ अवसरों के साथ होगा। आपका दिन आज व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को हल करने में बीतेगा और किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है, बशर्ते आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएं। प्यार के मामले में दिन ठीक है और कारोबार में आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सत्ता में आने के 48 घंटे के भीतर मस्जिदों पर लाउडस्पीकर के मुद्दे का होगा समाधान : राज ठाकरे



**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक खींचतान जारी है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने नागरिकों से राज्य को वैभवशाली बनाने के लिए उनकी पार्टी को वोट देने का आग्रह किया। ठाणे शहर और कल्याण में कई रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य में राजनीतिक अस्थिरता की आलोचना की और कहा कि इसमें पूर्ण बदलाव की जरूरत है। उन्होंने लोगों से कहा कि राजनीतिक और व्यक्तिगत मतभेदों में फंसने के बजाय महाराष्ट्र के कल्याण को प्राथमिकता दें। ठाकरे ने कहा कि सत्ता में आने के 48 घंटे के भीतर उनकी पार्टी मस्जिदों पर लाउडस्पीकर के मुद्दे का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक प्रथाओं से दूसरों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। मनसे प्रमुख ने कहा कि धर्म को घरों तक ही सीमित रहना चाहिए। सार्वजनिक सड़कें प्रार्थना के लिए नहीं हैं।

### रील बनाने वालों की खैर नहीं! भारतीय रेलवे ने उठाया बड़ा कदम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया के इस दौर में कहीं भी रील बनाने का चलन काफी बढ़ गया है। लोग फेमस होने के लिए रेलवे की जगहों को भी नहीं छोड़ते। अब सुरक्षा का खतरा पैदा करके रील बनाने वाले लोगों के लिए भारतीय रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड ने सभी जोन के अधिकारियों से कहा है कि यदि रील बनाने वाले सुरक्षित रेल परिचालन के लिए खतरा पैदा करते हैं या कोच तथा रेलवे परिसर में यात्रियों को असुविधा पहुंचाते हैं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करें। रेलवे बोर्ड का यह निर्देश हाल ही में सामने आए उन मामलों के बाद आया है, जिनमें लोगों ने अपने मोबाइल फोन से रेल की पटरियों और चलती ट्रेन में स्टंट के वीडियो बनाकर रेल सुरक्षा के साथ समझौता किया है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, लोगों ने रील बनाने की सारी हदें पार कर दी हैं। वे न केवल अपनी जान जोखिम में डालते हैं, बल्कि रेल की पटरियों पर वस्तुएं रखकर या वाहन चलाकर तथा चलती ट्रेन में जानलेवा स्टंट करके सैकड़ों रेल यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालते हैं। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया वायरल होने वाले वायरल वीडियो में देखा गया है कि लोग सेल्फी लेते समय ट्रेन के पास आकर ट्रैक के बहुत करीब चले गए, यह समझे बिना कि एक ट्रेन कम समय में कितनी लंबी दूरी तय कर सकती है और इस कारण वे ट्रेन की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठे। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए रील बनाने वाले लोगों के खिलाफ कोई ढील न बरतने की नीति अपनाने के लिए कहा गया है।

### फिल्मी अंदाज में जांच करने पहुंचे मंत्री, सड़क से निकली बजरी, मौके पर जेई से ईई तक सस्पेंड

**चंडीगढ़, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्म खट्टा–मीठा तो आपको याद ही होगी जिसमें एक्टर अक्षय कुमार रोड कॉन्ट्रैक्टर होते हैं और देश में सड़कें बनाने में भ्रष्टाचार की कहानी बयान करते हैं। अब असल में ऐसा ही मामला हरियाणा के हिसार में सामने आया है। यहां शुक्रवार को सड़क की जांच करने आए हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा के होश उड़ गए। जब उन्होंने सड़क पर ठोकर मारी तो बजरी बाहर आ गई। इसे देखकर मंत्री गुस्से से लाल हो गए। इसके बाद उन्होंने मौके पर बीच सड़क पर एक्जिक्युटिव इंजीनियर, एसडीओ और जूनियर इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया। इस सड़क के निर्माण को लेकर पिछले कुछ दिनों से मंत्री गंगवा के पास शिकायत आ रही थी। जानकारी के मुताबिक, शिकायत मिलने पर मंत्री रणबीर गंगवा हिसार के धांसू गांव में बन रही 5.440 किमी लंबी सड़क की जांच करने पहुंच गए। सड़क की क्वालिटी चेक करने के लिए मंत्री ने सड़क के बीच गाड़ी रुकवाई। जब उन्होंने सड़क के बीचो बीच ठोकर मारी तो बजरी सड़क पर बिखर गई। गंगवा ने मौके पर सुपरिटेंडेंट इंजीनियर को और अन्य तमाम अधिकारियों को बुला लिया। फिर एक्शन लेते हुए एक्जिक्युटिव इंजीनियर रजनीश कुमार, एसडीओ दलबीर राठी और जेई सुरेश कुमार को मौके पर ही सस्पेंड कर दिया। मंत्री की कार्रवाई देख वहां मौजूद लोग ताली बजाने लगे। मंत्री गंगवा ने एक्जिक्युटिव इंजीनियर से कहा था कि जब मैंने पहली बैठक में कह दिया था कि काम की क्वालिटी में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, तो ऐसा घटिया काम कैसे हुआ। क्या अधिकारी निर्माण होने पर सोए रहे या यहां आकर जांच करने की जहमत नहीं उठाई इस पर एक्जिक्युटिव इंजीनियर को कोई जवाब देते नहीं बना। बता दें कि मंत्री बनने के बाद लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा राज्य के सभी उच्च अधिकारियों के साथ पंचकूला में मीटिंग की थी। प्रदेश के लोगों को सफर के दौरान किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में गंगवा ने अधिकारियों से यह भी कहा था कि सड़क निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, वरना अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

# झांसी अग्निकांड: सेफ्टी अलार्म बज जाता तो बच सकती थी 10 बच्चों की जान, हादसे में किसकी गलती!

**झांसी, एजेंसी।** यूपी के झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन देखभाल यूनिट में अचानक लगी आग में 10 नवजात बच्चों की जलकर मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे के कारणों की जांच के आदेश दिए हैं। इस बीच प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कई बातें सामने आई हैं। इनमें से एक यह कि हादसे के वक्त सेफ्टी अलार्म नहीं बजा। कहा जा रहा है कि सेफ्टी अलार्म समय पर बजता तो बचाव कार्य जल्द शुरू किया जा सकता था और बच्चों की जान बचाई जा सकती थी। देर रात तक मेडिकल कॉलेज में कोई यह बताने वाला भी नहीं था कि वार्ड में कुल कितने बच्चे भर्ती थे। बाद में अपुष्ट सूत्रों से पता चला कि वार्ड में 47 बच्चे भर्ती थे। पुलिस उन्हीं बच्चों का हवाला दे पा रही थी, जो रेस्क्यू कर लिए गए या जिनकी मौत की सूचना मिल गई थी। आग की सूचना के साथ ही मौके पर पहुंचे डीएम अविनाश कुमार, एसएसपी सुधा सिंह रेस्क्यू ऑपरेशन और घायल बच्चों के इलाज का जायजा ले रहे थे। तीन दिन के एक शिशु के तीमारदार महोबा के राजेश चौरसिया ने बताया कि आग लगने के बाद भगदड़ की स्थिति हो गई। करीब एक घंटे तक कोई पुरसाहाल नहीं था। भीषण धुएं से आसपास खड़े होना भी मुश्किल था। फायर पुलिस के पहुंचने के पहले कुछ लोगों ने वार्ड के खिड़की दरवाजे तोड़ने शुरू किए। कुछ बच्चे निकाले गए। तीमारदारों के



मुताबिक करीब साढ़े दस बजे शिशु वार्ड के दक्षिणी कोने से धुआं उठना शुरू हुआ। जब तक स्टाफ और तीमारदार कुछ समझते लपटों ने विकराल रूप ले लिया। दरवाजे-खिड़कियां, परदे, चिकित्सा उपकरण और दवाएं जलने लगीं। कबरई, बांदा से भतीजे के नवजात बच्चे को देखने पहुंचीं संजना ने कहा कि बच्चे की मां की हालत गंभीर थी। उसे अलग रखा गया है। हम कल यहां आए तो बच्चा नहीं देखने दिया गया। आज रात जब आग लगी, भगदड़ मच गई। डॉक्टर और स्टाफ के लोग बच्चों को जिंदा जलते देखकर निकल भागे। मेरे भाई कुलदीप का बच्चा कहां है, वह बचा या जिंदा जल गया, कुछ नहीं पता। यहां कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। कुछ तीमारदारों ने यह आरोप भी लगाया कि आग लगते ही डॉक्टर और स्टाफ पिछले दरवाजे से भाग निकले। अगर वे एक-दो बच्चों को गोद में लेकर भागते तो तमाम बच्चों को बचाया जा सकता था।

**हम अपना बच्चा नहीं उठा पाए**

वार्ड से करीब सौ मीटर दूर रोक दिए तमाम तीमारदार और बच्चों के माता-पिता बिलख रहे हैं। इनमें से एक सरिता ने बताया कि वह अपनी बहन के बच्चे को देखने आई थीं। डॉक्टरों ने बच्चे की मां को दवा लेने भेजा था। मैं भी उसके साथ चली गई। लौटी तो देखा कि वार्ड से धुआं निकल रहा है। हाहाकार मचा है। हमने अंदर जाने की कोशिश की लेकिन रोक दिया गया। यहां सब कह रहे हैं कि बच्चे को बचा कर दूसरी जगह ले गए हैं लेकिन कोई यह नहीं बता रहा कि बच्चा कहां है। टाकोरी निवासी हरिओम का परिवार विलाप कर रहा है। हरिओम का तीन दिन का बेटा वार्ड में भर्ती था। उन्हें बताया गया है कि बच्चे की झुलस कर मौत हो गई है। इसी तरह करगुवां गांव के निवासी सतीश चंद्र का पांच दिन का बेटा मिंटू भी पीलिया की वजह से भर्ती था। उसके बारे में भी मौत की सूचना दी गई है। परिवार बेहाल है लेकिन अभी तक मेडिकल कॉलेज ने उनके बच्चे के बचने या मृत्यु की तस्दीक नहीं की है। तीमारदारों की भीड़ में खड़े रघुवर दयाल ने कहा कि मौतें दस से ज्यादा हुई हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज प्रशासन छुपा रहा है। वार्ड में मशीन से गिरकर ही कई बच्चे मर गये। जो बच्चे जल कर मरे, वे इनसे अलग हैं।

**दमकल पहुंचने से पहले जल गए थे 10 बच्चे :** झांसी मेडिकल कॉलेज में जब तक दमकल पहुंचतीं तब तक दस बच्चे जिंदा जल गए थे। दरवाजे-खिड़की तोड़ कर 37 बच्चों को किसी तरह बाहर निकाल लिया गया था। उनका इलाज किया जा रहा था। सूत्रों का कहना है कि झुलसने और धुआं भरने वजह से उनमें से कुछ की हालत बेहद नाजुक थी। हादसे के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य समेत अन्य डॉक्टरों से बात नहीं हो पा रही थी। ज्यादातर के फोन बंद थे।

**आग की वजह की जांच, तरह-तरह की चर्चाएं :** सीएम योगी के आदेश पर अलग-अलग टीमें आग की वजहों की जांच में जुट गई हैं। आग कैसे लगी, साफ नहीं वार्ड में आग कैसे लगी, अभी साफ नहीं है। फायर अफसर के मुताबिक बिजली की ओवर लोडिंग से आग लगने की सबसे ज्यादा संभावना मानी जा रही है। कुछ लोग वार्ड में सिलेंडर फटने की बात भी कह रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लांच, पर्यटन और स्वास्थ्य सुविधाओं में निवेश पर जोर

**रायपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 को लांच किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने इस नई नीति को रोजगार परक और विजन-2047 के अनुरूप विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए विकसित छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यदि कोई



उद्योग एक हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देता है तो हम उसे बी-स्पोक पॉलिसी के तहत और अधिक रियायतें देंगे। युवाओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर हमने इस नीति में प्रति व्यक्ति 15 हजार रुपए प्रतिमाह तक का अनुदान देने का प्रावधान भी किया है। साय ने कहा कि हमने पहली बार इस नीति के माध्यम से राज्य में पर्यटन एवं स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं में निवेश को भी प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। हमारा राज्य देश के मध्य में स्थित है। आने वाले वर्षों में हम अपनी भौगोलिक स्थिति, आवागमन के आधुनिक साधनों और आप सबकी भागीदारी से प्रदेश को देश का ''हेल्थ हब'' बनाने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगदलपुर के नजदीक हम लगभग 118 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण प्रारंभ करने जा रहे हैं। पूर्व के ''न्यूनतम 20 एकड़ भूमि'' के स्थान पर अब हमने ''15 एकड़ भूमि'' पर निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की स्थापना की अनुमति देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ संभवतः देश में पहला राज्य है, जिसने युवा अग्निवीरों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को स्वयं के रोजगार धंधे स्थापित करने पर विशेष अनुदान एवं छूट का प्रावधान किया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वयं का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए इन वर्गों के उद्यमियों को मात्र 1 रुपए प्रति एकड़ की दर पर औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि दे रहे हैं।

## 23 करोड़ रुपये है भैंसा एक आलीशान जीवन जी रहा है, देश के कई पशु मेलों की शान बढ़ा रहा

**सिरसा, एजेंसी।** हरियाणा का एक भैंसा, जिसका नाम अनमोल है, इन दिनों सोशल मीडिया का स्टार बना हुआ है। उसकी तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं। इसकी वजह उसका विशालकाय शरीर और उसकी भारी कीमत है। अनमोल की मौजूदा कीमत 23 करोड़ रुपये है और वह एक आलीशान जीवन जी रहा है। यह भैंसा देश के कई पशु मेलों की शान बढ़ा रहा है। चाहे वह पुष्कर मेला हो या मेरठ का अखिल भारतीय किसान मेला, सब जगह उसकी चमक बिखर रही है। अनमोल भले ही चार्मिंग और आकर्षक दिखता हो लेकिन उसकी भारी कीमत की मुख्य वजह उसका वीर्य है, जिसकी भारी मांग है। पशुपालकों के बीच इस भैंसे के वीर्य की प्रजनन क्षमता और ब्रीड की वजह से मांग दिनों दिन बढ़ता जा रही है। अनमोल हरियाणा के सिरसा जिले का रहने वाला है। उसका वजन करीब 1500 किलोग्राम है। वह आठ साल का है।

इस भैंसे को भारत के पशुपालन उद्योग में गर्व का प्रतीक माना जा रहा है, क्योंकि इसकी कीमत 23 करोड़ रुपये है जो देश में कई लग्जरी कारों और हाई-एंड रियल एस्टेट से भी ज्यादा है। अगर इसे सही परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो अनमोल की 23 करोड़ की कीमत दो रोल्स रॉयस कार, दस मर्सिडीज़ बेंज कार या नोएडा में एक दर्जन घर खरीदने के बराबर है।

# मुंबई में 26/11 आतंकी हमले के बाद कसाब को परोसी गई बिरयानी, कांग्रेस पर बरसे जेपी नड्डा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में जुटे केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटने के तरीके को लेकर तत्कालीन यूपीए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस पर पाकिस्तान के आतंकवादी अजमल कसाब को बिरयानी परोसने का आरोप लगाया। मालूम हो कि मुंबई हमलों में भूमिका के लिए कसाब को दोषी ठहराया गया था और बाद में मौत की सजा सुनाई गई। नड्डा ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर पाकिस्तान के प्रति निष्क्रिय रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। ठाणे में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, %26/11 का हमला मुंबई में हुआ था। यूपीए सरकार डोजियर लेकर पाकिस्तान जाती रही और अजमल कसाब को बिरयानी परोसी गई।%

जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी संविधान का ककहरा तक नहीं समझते और इसकी प्रति दिखाते रहते हैं, जबकि उन्हें यह नहीं पता कि डॉ. भीम राव आंबेडकर धार्मिक आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना में अल्पसंख्यकों को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए निर्धारित आरक्षण देना चाहती है। नड्डा ने कहा, 'गांधी नहीं जानते कि संविधान धार्मिक आधार पर



आरक्षण की अनुमति नहीं देता। उन्हें संविधान का ककहरा तक नहीं पता। वह अपनी 'मोहब्बत की दुकान' में नफरत की सामग्री बेचते हैं।'

**वोट बैंक की राजनीति को रोकना होगा, बोले नड्डा :** राहुल गांधी लोकसभा चुनावों के साथ-साथ महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों में भी संविधान की एक प्रति दिखाकर मतदाताओं से कह रहे हैं कि भाजपा इसे बदलना चाहती है और आरक्षण को खत्म करना चाहती है। नड्डा ने इस पर बल देते हुए कहा, 'हमें तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति को रोकना होगा। तेलंगाना और कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करके कांग्रेस अल्पसंख्यकों को आरक्षण देना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया।' नड्डा ने देश को भरोसा और नेतृत्व प्रदान करने के साथ-साथ विकास कार्यों की गति देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की। जेपी नड्डा ने कहा, 'मोदी सरकार सत्ता समर्थक है, गरीब समर्थक है, किसान समर्थक है, युवा समर्थक है, दलित समर्थक है, महिला समर्थक है। यह जिम्मेदार और जवाबदेह है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करना अपनी आदत बना ली है।' भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वहीं, कांग्रेस ने कभी घोषणापत्रों को महत्व नहीं दिया और कभी-कभी एक ही तरह के वादे कई बार पेश करती है। नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले, कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में दुनिया भारत और पाकिस्तान को एक समान मानती थी और इस देश की यात्रा के बाद पड़ोसी देश के लाहौर या रावलपिंडी में ठहराव होता था।

## लॉरेंस बिश्नोई की हिट लिस्ट; मुनव्वर फारूकी और श्रद्धा वालकर हत्याकांड का आरोपी शामिल, बढ़ाई गई सुरक्षा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की हिट लिस्ट में कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी और श्रद्धा वालकर हत्याकांड का आरोपी आफताब पूनावाला भी शामिल है। बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारूकी अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने उन्हें लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी मिली थी। इसे देखते हुए उन्होंने अपनी सिक्योरिटी बढ़ा दी है। पब्लिक प्लेस पर अब वह बड़े से सुरक्षा घेरे में नजर आते हैं। मुनव्वर पर आरोप है कि उन्होंने अपने शो में हिंदू देव-देवताओं का मजाक उड़ाया था। इसे लेकर वह जेल की हवा भी खा चुके हैं। माना जाता है कि हिंदू देव-देवताओं का अपमान करने से लॉरेंस बिश्नोई गैंग आहत है और इसलिए उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। हालांकि, धमकी की वजह अभी तक पूरी तरह से साफ नहीं है।

वहीं, श्रद्धा वालकर हत्याकांड का आरोपी आफताब पूनावाला दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। जेल प्रशासन



उसकी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है, जिसे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से धमकियां मिली हैं। पूनावाला नवंबर 2022 से तिहाड़ जेल में बंद है। उसे अपनी लिव-इन पार्टनर वालकर की हत्या और उसके शव के 35 टुकड़े कर महरौली के जंगल में फेंकने के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। पूनावाला को फिलहाल खतरे की आशंका के चलते तिहाड़ जेल संख्या 4 की एकांत कोठरी में रखा गया है।

**आफताब पूनावाला बिश्नोई गिरोह के निशाने पर :** मीडिया में आई खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी द्वारा मुंबई पुलिस के समक्ष किए गए खुलासे के मुताबिक पूनावाला बिश्नोई गिरोह के निशाने पर है। तिहाड़ जेल से एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, 'अभी तक हमें पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों से लॉरेंस गिरोह से पूनावाला को खतरे के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। अगर हमें ऐसी कोई सूचना मिलती है, तो हम उसकी सुरक्षा की समीक्षा कर सकते हैं। 66 वर्षीय बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के पास तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों ने ली थी। बिश्नोई फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है, जबकि उसके कई साथी तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## चंडीगढ़ की एक इंच जमीन भी हरियाणा को नहीं देंगे, इसपर सिर्फ पंजाब का हक

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें चंडीगढ़ में हरियाणा विधान सभा परिसर स्थापित करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री हरजोत बैंस, आप नेता दीपक बाली और परमिंदर सिंह गोल्डी शामिल थे। राजभवन के बाहर एक प्रेस वार्ता में मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह मामला पंजाब के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है और पूरी तरह से राज्य का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पंजाब की आप सरकार हरियाणा विधानसभा के निर्माण के लिये चंडीगढ़ में जमीन आवंटित करने के किसी भी फैसले का दृढ़तापूर्वक विरोध करती है। चीमा ने कहा कि चंडीगढ़ कायदे से सिर्फ पंजाब की राजधानी है। किसी अन्य राज्य को यहां अपनी विधानसभा बनाने का कोई अधिकार नहीं है। हरियाणा सरकार ने पंचकुला में 12 एकड़ के बदले चंडीगढ़ में 10 एकड़ जमीन मांगी है। यह प्रस्ताव चंडीगढ़ में अपना विधानसभा परिसर स्थापित करने के उनके स्पष्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो हमें स्वीकार नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि चंडीगढ़ का एक इंच भी जमीन हरियाणा को नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारें चंडीगढ़ के



संबंध में पंजाब के हितों की रक्षा करने में विफल रही हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब पंजाब और हरियाणा का निर्माण हुआ था, तो यह स्पष्ट था कि हरियाणा अपनी राजधानी पंचकुला में स्थापित करेगा, न कि चंडीगढ़ में। इसलिए हरियाणा को अपनी विधानसभा पंचकुला में ही बनानी चाहिए। आप प्रतिनिधिमंडल ने यह भी चिंता व्यक्त की कि पिछली राज्य सरकारें इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाने में विफल रही हैं, जिससे समय के साथ स्थिति और भी अधिक जटिल होते चली गई। चीमा ने कहा कि हम पंजाब के अधिकारों का और हनन नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब एक ऐसा राज्य है, जो देश के लिये अपने बलिदानों के लिये जाना जाता है। यहां भी हम अपने हक के लिए लड़ेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे को पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाएंगे और पंजाब की आवाज जोर से उठाएंगे।

# गोवा से नाता तोड़ रहे विदेशी पर्यटक? ट्वीट पर बवाल, मंत्री बोले- चीन से आया था डेटा

**पणजी, एजेंसी।** पिछले हफ्ते गोवा का पर्यटन उस समय सुर्खियों में आ गया जब एक वायरल पोस्ट में दावा किया गया कि विदेशी पर्यटकों ने गोवा से मुंह मोड़ लिया है। इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया। कई यूजर्स ने गोवा में अपने खराब अनुभवों को शेयर किया। इस विवाद पर गोवा के पर्यटन विभाग ने पहले स्पष्टीकरण जारी किया और फिर पोस्ट लिखने वाले उद्यमी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**छुपे हुए एजेंडा और गलत मंशा से हो रही बदनामी :** गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि इस प्रकार के दावे राज्य की छवि को खराब करने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने गोवा की तुलना थाईलैंड और श्रीलंका जैसे अंतरराष्ट्रीय स्थलों से करने को गलत बताया। उन्होंने कहा, गोवा हमेशा से एक पसंदीदा पर्यटन स्थल रहा है। लेकिन हर साल कोई न कोई इसे अलग नजरिए से देखता है। पिछले साल भी कुछ लोगों ने गोवा को बदनाम करने की कोशिश की थी, लेकिन वह कामयाब नहीं हुए।

**वायरल पोस्ट का विवाद :** मंत्री ने कहा, हमने विधानसभा में और शायद संसद में भी पर्यटकों की संख्या के आंकड़े रखे हैं। अब अचानक, एक सोशल मीडिया पोस्ट में चीन आर्थिक सूचना केंद्र के आंकड़ों के बारे में बात



की गई है। जैसे ही चीन शब्द आता है, खतरे की घंटियां बजने लगती हैं। इसलिए, यह ऐसे राज्य के बारे में झूठा प्रचार करने की एक योजना या छिपा हुआ एजेंडा लगता है, जो अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य रहा है। मंत्री ने कहा कि वायरल पोस्ट में 2019 में गोवा में 8.5 मिलियन विदेशी पर्यटकों के आंकड़े का दावा किया गया, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा, 2019 में, महामारी से पहले, गोवा में 71,27,287 घरेलू और 9,37,113 विदेशी पर्यटक आए थे। 2023 में घरेलू पर्यटकों की संख्या 81,75,460 रही और विदेशी पर्यटकों की संख्या 4,52,702 थी। यह आंकड़े महामारी के बाद की चुनौतियों के बावजूद बेहतर हैं। रोहन खौंटे ने कहा कि झूठे प्रचार से स्थानीय समुदायों के बीच डर पैदा हुआ और सरकार को इस पर कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने स्वीकार किया कि गोवा में कुछ समस्याएं हैं, लेकिन यह किसी भी पर्यटन राज्य में सामान्य होती हैं। इंटरव्यू में मंत्री ने गोवा में प्रमुख चुनौतियों के बारे में भी बताया। अवैध दलालः मंत्री ने बताया कि अवैध दलालों के खिलाफ पिछले दो वर्षों में सरकार ने आक्रामक अभियान चलाए हैं। टैक्सी माफियाः उन्होंने इसे गलत दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा कि टैक्सी चालकों के साथ विदेशी पर्यटकों का लंबे समय से अच्छा संबंध रहा है।

# 2025 पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर इस्लामाबाद से शुरू होगा:आईसीसी

**दुबई, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की कि 2025 पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर शनिवार को इस्लामाबाद से शुरू होगा। ट्रॉफी को शहर के प्रसिद्ध स्थलों जैसे दमन-ए-कोह, फैसल मस्जिद और पाकिस्तान स्मारक में भी प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर भी मौजूद रहेंगे। ट्रॉफी टूर हर बड़े आईसीसी इवेंट से पहले एक प्रमोशनल इवेंट होता है, लेकिन गुरुवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा घोषणा किए जाने के बाद यह एक बड़े विवाद में फंस गया कि स्कार्दू, मुरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे स्थान - जिनमें से तीन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आते हैं - ट्रॉफी टूर सूची में होंगे।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा शुक्रवार को कड़ी आपत्ति जताए जाने के बाद आईसीसी द्वारा घोषित ट्रॉफी टूर कार्यक्रम में केवल मुरी को ही रखा गया है, जबकि 25 नवंबर तक पाकिस्तान संस्करण की यात्रा के लिए तक्षशिला, खानपुर, एबटाबाद, नथिया गली और कराची जैसे स्थानों को सूची में रखा गया है।

### रोहित शर्मा दूसरी बार पिता बने, उनकी पत्नी रितिका ने बेटे को दिया जन्म

# अब ऑस्ट्रेलिया जा सकते हैं हिटमैन !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा दूसरी बार पिता बन गए। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने बेटे को जन्म दिया है। रोहित शर्मा अपने बच्चे की जन्म की वजह से टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया नहीं गए थे, लेकिन बेटे के जन्म के बाद इस बात की संभावना है कि वो ऑस्ट्रेलिया जा सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक रितिका ने शुक्रवार 15 नवंबर को मुंबई में अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया। रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे या नहीं इसको लेकर बोर्ड की तरफ से कुछ साफ नहीं किया गया था क्योंकि वो अपने बच्चे के



जन्म का इंतजार कर रहे थे। अब रोहित शर्मा पिता बन गए हैं ऐसे में संभावना है कि वो ऑस्ट्रेलिया रवाना हों और इस टेस्ट सीरीज में पहले मैच से ही भारत की कप्तानी करें। रोहित शर्मा अगर ऑस्ट्रेलिया जाते हैं तो भारत की ओपनिंग की समस्या दूर हो सकती है जिसे लेकर टीम इंडिया परेशान नजर आ रही थी। हालांकि वो अभी जाएंगे या नहीं इसे लेकर कुछ साफ नहीं हो पाया है।

वैसे पहले टेस्ट मैच 22 नवंबर से है ऐसे में रोहित के पास समय है और वो टीम के हित में जरूर फैसला लेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने से पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि अगर रोहित शर्मा उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो उस स्थिति में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल या फिर अभिमन्यु ईश्वरन ओपनिंग कर सकते हैं। वैसे ये दोनों बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अच्छा नहीं कर पाए थे ऐसे में टीम इंडिया के लिए दूसरा ओपनर कौन होता इस पर सवाल उठ रहे थे। आपको बता दें कि भारतीय टीम पर्थ के डब्ल्यूएसीए स्टेडियम में मैच सिमुलेशन के तहत खेल रही है।

उस दौरान केएल राहुल यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करने आए थे। उन्होंने कुछ ओवर तक बल्लेबाजी की, लेकिन तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की उछाल लेती गेंद पर चोटिल हो गए। बीच में उपचार मिलने के बाद राहुल मैदान से बाहर चले गए, लेकिन चोट गंभीर नहीं बताई जा रही है।

## टीम इंडिया की सबसे बड़ी टेंशन कोच को शांत रखना, टिम पेन ने उठाया गंभीर पर सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर दोनों ही टीमें एक्शन मोड में है, साथ ही तीखी बयानबाजी का दौर भी शुरू हो चुका है। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान टिम पेन ने टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। टिम पेन ने भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर की रिकी पोंटिंग के प्रति हालिया टिप्पणियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मेहमान टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता दबाव में शांत नहीं रह पाना हो सकता है। पोंटिंग ने कहा था कि वे विराट कोहली के फॉर्म को लेकर चिंतित हैं। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने दो टेस्ट शतक बनाए हैं। लेकिन गंभीर ने इसके जवाब में प्रेस कॉन्फ्रेंस में पलटवार करते हुए कहा, पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है? उन्हें ऑस्ट्रेलिया के बारे में बात करनी चाहिए।

इसके बाद पोंटिंग ने कहा कि गंभीर एक जल्दी नाराज हो जाने वाला व्यक्ति है। मुझे पता था कि वह कुछ ऐसी ही प्रतिक्रिया देगा। पेन ने कहा, मुझे यह चीज पसंद नहीं है। यह क्रिकेट के लिहाज से एक अच्छा संकेत नहीं है, क्योंकि उनसे बस एक बहुत ही सरल सवाल पूछा गया था। मुझे लगता है कि शायद वह रिकी को अभी भी ऐसे व्यक्ति के रूप में देख रहे हैं जिसके खिलाफ वह खेल रहे हैं, लेकिन रिकी अब एक कमेंटेटर हैं। उन्हें अपनी राय देने के लिए पैसे मिलते हैं, और उनकी राय बिल्कुल सही थी। विराट का प्रदर्शन गिरता जा रहा है, यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। लेकिन मेरे लिए, भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता रोहित शर्मा की बल्लेबाजी नहीं है, विराट कोहली की बल्लेबाजी नहीं है बल्कि उनके कोच और दबाव में शांत न रह पाने की उनकी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में से पहला टेस्ट मैच 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगा। इसके बाद एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और पर्थ में मैच होंगे।

पेन का यह भी मानना है कि पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री, जो ऑस्ट्रेलिया में भारत की दो टेस्ट सीरीज जीत के सूत्रधार थे। उन्होंने अपने शांत रवैये से टीम को एक नई ऊर्जा दी थी। जो शायद गंभीर के कार्यकाल में आना मुश्किल है।

### इंडिया-साउथअफ्रीका टी-20

# संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों ने रचा इतिहास...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 4 मैचों की टी20 सीरीज में 3-1 से हरा दिया है. सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार (15 नवंबर) को जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने 135 रनों से जीत दर्ज की. यह रनों के लिहाज से अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत है. इससे पहले 14 दिसंबर 2023 को इसी मैदान पर 106 रनों से हराया था. मौजूदा मुकाबले में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया.

इसके बाद टीम इंडिया ने 284 रनों का टारगेट सेट किया. जवाब में साउथ अफ्रीका टीम 18.2 ओवर में 148 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया. अफ्रीका के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए. जबकि भारतीय टीम के लिए अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को 2-2 सफलताएं मिली. हार्दिक पंड्या, रमनदीप सिंह और रवि बिश्नोई ने 1-1 विकेट लिए.

**संजू-तिलक के शतकों से बना ऐतिहासिक रिकॉर्ड:** मैच में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया. संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा (36) ने ओपनिंग में 73 रनों की पार्टनरशिप की. इसके बाद संजू ने तिलक वर्मा के साथ मिलकर रिकॉर्ड 93 गेंदों पर नाबाद 210 रनों की साझेदारी कर डाली. संजू सैमसन ने 51 बॉल और तिलक वर्मा ने 41 गेंदों पर शतक जमाया. संजू सैमसन ने 56 गेंदों पर 109 रनों की आतिशी पारी खेली. जबकि तिलक ने 47 गेंदों पर 120 रन जड़ दिए.

संजू का यह टी20 इंटरनेशनल करियर का तीसरा शतक रहा, जो उन्होंने पिछले 5 मैचों में जमाए हैं. दूसरी ओर तिलक वर्मा का यह दूसरा शतक रहा. उन्होंने भी यह दोनों सेंचुरी इसी सीरीज में लगातार लगाई हैं. जबकि अफ्रीकी टीम के लिए एकमात्र विकेट लुथो सिपम्ला ने लिया. टी20 इतिहास में पहली बार ICC फुल नेशन मेंबर टीमों के बीच में किसी टीम के दो

### सैमसन-तिलक की पार्टनरशिप

210* | गेंद (86)




बल्लेबाजों ने एक साथ शतक जमाए हैं. यह इतिहास हो गया है. ओवरऑल इस फॉर्मेट में ऐसा तीसरी बार हुआ है. दूसरा रिकॉर्ड भारतीय टीम ने इस मैच में 1 विकेट पर 283 रन बनाए. यह साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 में सबसे बड़ा स्कोर है. इससे पहले 2 अक्टूबर 2022 को 3 विकेट पर 237 रन बनाए थे.

**अफ्रीका के खिलाफ 6 सीरीज से हारा नहीं है भारत:** साउथ अफ्रीका के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 सीरीज में भारतीय टीम का रिकॉर्ड धांसू है. पिछली 6 सीरीज (मौजूदा मिलाकर) से भारतीय टीम हारी नहीं है.

इस तरह साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम अजेय रथ पर सवार है. पिछली 6 द्विपक्षीय टी20 सीरीज में से 3 में भारत को जीत मिली है. जबकि 3 टी20 सीरीज ड्रॉ पर खत्म हुई हैं. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक 10 द्विपक्षीय टी20 सीरीज (मौजूदा मिलाकर) खेली गई.

इस दौरान भारत ने 5 और अफ्रीका ने 2 जीती हैं. 3 सीरीज ड्रॉ रही हैं. भारतीय टीम को आखिरी बार अक्टूबर 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 सीरीज में हार झेलनी पड़ी थी. इसके बाद से टीम हारी नहीं है.

**टी20 मैचों में भी भारतीय टीम बेमिसाल:** बता दें कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ और उसके घर में दोनों ही मामलों में भारतीय टीम का टी20 मैचों में रिकॉर्ड धांसू है.

दोनों टीमों के बीच अब तक 31 टी20 मैच हुए, जिसमें भारत ने 18 जीते और 12 हारे हैं. जबकि साउथ अफ्रीका में भारतीय टीम ने कुल 19 टी20 मैच खेले, जिसमें से 13 जीते और सिर्फ 5 हारे हैं. इसी देश में भारत ने 2007 में टी20 वर्ल्ड कप भी जीता था.






### मैं आपको जान से मार दूंगा

# टायसन को जेक पॉल के भाई और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर लोगन से मिली धमकी

**टेक्सास, एजेंसी।** प्रसिद्ध खेल पत्रकार एरियल हेलवानी ने टायसन से मैच के बाद मुक्केबाजी में उनकी योजनाओं के बारे में पूछा। इस पर टायसन ने जवाब दिया- मुझे नहीं मालूम। यह स्थिति पर निर्भर करता है।

जेक पॉल ने शनिवार को पेशेवर मुक्केबाजी मैच में अमेरिकी दिग्गज माइक टायसन को हराकर सभी को चौंका दिया। हालांकि, दोनों मुक्केबाजों के बीच उम्र का भारी अंतर था। टायसन की उम्र जहां 58 साल है और वह 19 साल बाद प्रोफेशनल बॉक्सिंग में वापसी कर रहे थे, वहीं जेक पॉल की उम्र 27 साल है। 58 वर्षीय टायसन ने आर्लिंगटन के एटी एंड टी स्टेडियम में आठ राउंड के मुकाबले के दौरान कड़ी मेहनत की और आखिरी राउंड तक डटे रहे। उन्होंने जेक को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, वह जीत हासिल नहीं कर सके। मैच के बाद टायसन से पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी मुक्केबाजी मुकाबला था और इसका उन्होंने दिलचस्प जवाब दिया।

प्रसिद्ध खेल पत्रकार एरियल हेलवानी ने टायसन से मैच के बाद मुक्केबाजी में उनकी योजनाओं के बारे में पूछा। इस पर टायसन ने जवाब दिया- मुझे नहीं मालूम। यह स्थिति पर निर्भर करता है। जब इसी विषय पर आगे पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता कि यह आखिरी मैच है? यह पूछे जाने पर कि उनका अगला प्रतिद्वंद्वी कौन हो सकता है, टायसन ने जवाब देते हुए कहा कि वह जेक पॉल के भाई लोगन पॉल के खिलाफ लड़ना पसंद करेंगे। यह सुनकर, लोगन ने फट से कहा, मैं आपको जान से मार दूंगा माइक।

इस पर दोनों हंसने लगे।27 वर्षीय जेक पॉल ने अपनी बेहतर गति और मूवमेंट का इस्तेमाल उम्रदराज टायसन पर आसानी से हावी होने के लिए किया। हालांकि, इसके बावजूद टायसन ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। नॉकआउट में अन्य प्रतिद्वंद्वियों को हराने वाले जेक टायसन के खिलाफ ऐसा करने में नाकाम रहे। टायसन ने शुरुआती दो राउंड में अच्छी बढ़त बनाई थी, लेकिन आखिरी छह राउंड में पिछड़ गए थे। मैच से पहले एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान टायसन ने जेक को थप्पड़ मार दिया था। इसने इस मैच को और भी दिलचस्प बना दिया था। हालांकि, जेक ने मैच के बाद टायसन को उस थप्पड़ के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह टायसन का बहुत सम्मान करते हैं। दोनों मैच के बाद गले भी मिले।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट से बाहर होंगे शुभमन गिल? टीम इंडिया की बढ़ गई टेंशन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. इसका पहला मैच पर्थ में आयोजित होना है. इससे ठीक पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है. एक रिपोर्ट के मुताबिक ओपनर शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं. गिल फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए. अगर वे पर्थ टेस्ट से पहले फिट नहीं हुए तो पहले मैच से बाहर हो जाएंगे.

गिल टीम इंडिया के लिए नंबर तीन पर बैटिंग करते हैं. वे ओपनिंग भी कर चुके हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक खबर के मुताबिक शुभमन शनिवार को फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए. उनकी उंगली में चोट लगी है. गिल की चोट पर अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है. भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 22 नवंबर से खेला जाना है. इसमें अभी वक्त है. अगर गिल तब तक ठीक हो गए थे पहले टेस्ट में खेलेंगे, नहीं तो इससे बाहर हो जाएंगे.

गिल भारत के लिए कई मौकों पर शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं. उनका चोटिल होना टीम की टेंशन बढ़ा सकता है. गिल की इंजरी पर अभी आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है.

# ड्राइविंग लाइसेंस से पकड़ा गया मोहम्मद शमी का सच? उम्र में धोखाधड़ी के संगीन आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी भारतीय क्रिकेट के सबसे महान गेंदबाजों में से एक हैं. इंटरनेशनल क्रिकेट में 400 से अधिक विकेट ले चुके हैं और हाल ही में चोट से वापसी के कारण सुर्खियों में बने रहे हैं. अब वो उम्र में फ्रॉड की अफवाहों को लेकर चर्चा का केंद्र बन गए हैं. शमी, 2023 वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे थे, लेकिन उम्र में फ्रॉड की खबरें उनकी बदनामी का कारण बन गई हैं. इसी वजह से शमी ट्रोल भी हो रहे हैं. मोहम्मद शमी ने पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ झेला है. उनकी वाइफ रहीं हसीन जहां ने उनपर घरेलू उत्पीड़न और मैच फिक्सिंग जैसे गंभीर आरोप भी लगाए. अच्छी बात यह रही कि क्षष्टष्ठ बहुत समय पहले ही शमी को फिक्सिंग मामले में क्लीन चिट दे चुका है. अब एक ड्राइविंग लाइसेंस की तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें शमी की उम्र 42 साल बताई गई है.

**ड्राइविंग लाइसेंस का सच**

एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर मोहम्मद शमी का ड्राइविंग लाइसेंस शेयर कर दिया है. इसे देखकर पता



चलता है कि शमी की उम्र 42 साल है जबकि वो खुद को 34 वर्षीय बताते हैं. उम्र में 8 साल का अंतर पाने के बाद लोग शमी को ट्रोल करने में लगे हैं. एक गौर करने वाली बात यह भी है कि X से उस पोस्ट को डिलीट किया जा चुका है, जो पॉलिसी का उल्लंघन कर रहा था. मगर अन्य लोगों ने तस्वीर लेकर इसे सोशल मीडिया पर दोबारा शेयर करने में जरा भी देर नहीं लगाई. अभी तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया है कि यह ड्राइविंग लाइसेंस की तस्वीर असली या एडिट की गई है. यह तस्वीर ना केवल शमी बल्कि बीसीसीआई पर भ सवाल खड़े कर रही है. भारत में अपनी उम्र छिपाने और धोखाधड़ी करने को एक गंभीर अपराध माना जाता है.

यदि कोई क्रिकेटर अपनी उम्र छिपा कर रखता है तो उसे जुर्माना और कई बार जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है. भारतीय क्रिकेट की बात करें तो उम्र में धोखाधड़ी आमतौर पर अंडर-19 के दिनों में होती है जब खिलाड़ी टीम में चयन के लिए आमतौर पर अपनी उम्र एक-दो साल कम बताते हैं.

## बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, जेसन होल्डर की कमी खलेगी

**एंटीगुआ, एजेंसी।** क्रैग ब्रैथवेट बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। दोनों खेल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। वर्तमान में, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज 27.50 और 18.52 के अंक प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में क्रमशः 8वें और 9वें स्थान पर हैं।



वेस्टइंडीज को अपने पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज जेसन होल्डर की कमी खलेगी जो कंधे की चोट का पुनर्वास जारी रखे हुए हैं। टीम में अनुभवी और उभरती प्रतिभाओं का एक रोमांचक मिश्रण है, जिसमें फॉर्म में चल रहे जस्टिन ग्रीव्स हैं, जिन्होंने घरेलू सफेद गेंद प्रतियोगिता में सनसनीखेज प्रदर्शन किया है, जिससे बल्लेबाजी रैंक में वृद्धि हुई है। आईसीसी की एक रिपोट में कहा गया है कि केविन सिंक्लेयर भी एक अतिरिक्त स्पिन विकल्प के रूप में टीम में लौट आए हैं।

टेस्ट टीमः

क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), जोशुआ दा सिल्वा (उप-कप्तान), एलिक अथानाज़, कीसी कार्टी, जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, टेविन इमलाच, अल्ज़ारी जोसेफ, शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, जेडेन सील्स, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन।

# 39 साल के रोनाल्डो ने बाइसाइकिल किक से किया स्कोर, दो गोल दागे, पुर्तगाल ने पोलैंड को 5-1 से हराया

**मैड्रिड, एजेंसी।** रोनाल्डो ने इसके बाद अपने चिर परिचित अंदाज में जश्न मनाया। रोनाल्डो के अलावा राफा लियाओ, ब्रूनो फर्नांडीस और पेड्रो नेटो ने गोल दागे। पोलैंड ने एकमात्र गोल 88वें मिनट में किया। पोलैंड की इस हार से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल के दम पर पुर्तगाल ने शुक्रवार को पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। रोनाल्डो ने पोर्टो में खेले गए मैच में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने (72वें मिनट) पेनल्टी किक पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 134वां गोल किया और फिर कुछ देर बाद (87वें मिनट) ओवरहेड



पास पर बाइसाइकिल किक से गोल करके पुर्तगाल की तरफ से अपने कुल गोल की संख्या 135 पर पहुंचा दी। रोनाल्डो ने इसके बाद अपने चिर परिचित अंदाज में जश्न मनाया। रोनाल्डो के अलावा राफा लियाओ, ब्रूनो फर्नांडीस और पेड्रो नेटो ने गोल दागे। पोलैंड ने एकमात्र गोल 88वें मिनट में किया। पोलैंड की इस हार से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। स्कॉटलैंड ने क्रोएशिया को 1-0 से हराकर नौ मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज करके टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर पर बने रहने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। इस बीच बुखारेस्ट में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच को इंजरी टाइम में रोक दिया गया और बाद में इसे गोल रहित ड्रॉ पर रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई और कोसोवो के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए।

यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने यह नहीं बताया कि खेल को बीच में क्यों रोक दिया गया लेकिन कथित तौर पर कोसोवो के खिलाड़ी सर्बियाई समर्थक नारे सुनकर नाराज थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जापानी राजकुमारी युरिको का 101 वर्ष की आयु में निधन



**टोक्यो, एजेंसी।** जापानी शाही परिवार की सबसे बुजुर्ग सदस्य और सम्राट नारुहितो की परदादी राजकुमारी युरिको का शुक्रवार को टोक्यो के एक अस्पताल में 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इंपीरियल हाउसहोल्ड एजेंसी ने यह जानकारी दी है। समाचार एजेंसी क्योडो की रिपोर्ट के अनुसार, राजकुमारी युरिको की मृत्यु के बाद शाही परिवार में केवल 16 सदस्य बचे हैं, क्योंकि 1947 के इंपीरियल हाउस कानून के तहत महिला सदस्यों को एक आम व्यक्ति से शादी करने पर राजघराना छोड़ना पड़ता है। प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने राजकुमारी युरिको की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। इशिबा ने कहा, मैं इस क्षति के बारे में सुनकर दुखी हूं। मैं अन्य जापानी नागरिकों के साथ अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। जापान के पूर्व कुलीन वर्ग की सदस्य राजकुमारी युरिको को हल्के स्ट्रोक और एस्पिरेशन न्यूमोनाइटिस से पीड़ित होने के बाद मार्च में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान इस महीने की शुरुआत में मेडिकल जांच में पता चला कि उनके हृदय और गुर्दे पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं। साल 1923 में जन्मी राजकुमारी युरिको ने 1941 में 18 साल की उम्र में सम्राट हिरोहितो (मरणोपरांत सम्राट शोवा) के सबसे छोटे भाई राजकुमार मिकासा से विवाह किया। उसके बाद उन्होंने गाकुशुइन महिला अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उनके पति का 2016 में 100 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। दंपति के पांच बच्चे थे, जिनमें से तीन बेटे और दो बेटियां थीं। उनके बेटों राजकुमार तोमोहितो, कत्सुरा और ताकामाडो की उनसे पहले ही मृत्यु हो चुकी है। राजकुमारी युरिको सार्वजनिक सेवा में काफी सक्रिय थीं और उन्होंने जापानी रेड क्रॉस सोसायटी के मानद उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह 1948 से 2010 तक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली संस्था इंपीरियल गिफ्ट फाउंडेशन बोशी-ऐइकू-काई की अध्यक्ष भी रहीं।

### 94 साल से ऑस्ट्रेलिया में चल रहा है दुनिया का सबसे लंबा वैज्ञानिक प्रयोग, अब तक गिरी सिर्फ 9 बूंदें

**क्वींसलैंड, एजेंसी।** दुनिया भर में वैज्ञानिक प्रयोगों की एक लंबी सूची है, जिनका उद्देश्य नई खोज और अनुसंधान के जरिए मानवता के लिए कुछ नया करना है। इन प्रयोगों की अवधि आम तौर पर कुछ सालों तक होती है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में एक ऐसा प्रयोग है, जो 94 साल से चल रहा है और इसे दुनिया का सबसे लंबा वैज्ञानिक प्रयोग माना जाता है। इस प्रयोग का नाम पिच ड्रॉप है और इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया है। इस प्रयोग की शुरुआत 1927 में क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर थॉमस पर्नेल ने की थी। हालांकि इस प्रयोग को तकनीकी रूप से 1930 से मान्यता मिली है, लेकिन इसकी शुरुआत 1927 में हुई थी। पर्नेल का उद्देश्य यह जानना था कि अत्यधिक चिपचिपे (गाढ़े) तरल पदार्थ जैसे पिच (जो कोलतार जैसा दिखता है) में समय के साथ कितना बदलाव आता है। इस प्रयोग में कोलतार की तरह लगने वाले पिच नाम के चिपचिपे तरल पदार्थ को एक फ्लास्क में रख दिया गया है। उसकी बूंदें नीचे गिरने के लिए छोड़ दी गई हैं। प्रयोग के तहत यह जानने की कोशिश की जा रही है कि आखिर पिच की एक बूंद कितने साल बाद नीचे गिरती है। अब तक इस प्रयोग में कुल 9 बूंदें नीचे गिरी हैं। सबसे पहली बूंद 1938 में गिरी थी।

### नेपाल में खाई में गिरा एसयूवी, आठ की मौत, पांच घायल

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के दार्चुला जिले में शुक्रवार तड़के एक एसयूवी के खाई में गिर गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार शुक्रवार तड़के लगभग चार बजे एक वाहन हाईवे से नीचे 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। उसमें 13 लोग सवार थे। दार्चुला जिला पुलिस के प्रवक्ता छत्र बहादुर रावत ने कहा, यह वाहन तीर्थयात्रियों को ले जा रहा था, जो जिले के मल्लिकार्जुन मंदिर के दर्शन करने के बाद लौट रहे थे। उन्होंने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि घायलों में तीन की हालत गंभीर है। पर्वतीय देश होने के कारण नेपाल में अक्सर वाहन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। गत 13 अगस्त को तनहुन जिले में एक सड़क हादसे में 14 शव बरामद हुए थे। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की यूपी नंबर की बस संतुलन खोने के बाद नदी में जा गिरी थी। इस बस में 43 भारतीय यात्री सवार थे। यह बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी।

### पाकिस्तान में ननकाना साहिब जा रहे हिंदू तीर्थयात्री की गोली मारकर हत्या, 4 लाख लूटे

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के ननकाना साहिब में प्रकाश पर्व में हिस्सा लेने जा रहे हिंदू तीर्थयात्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार समारोह में हिस्सा लेने जा रहे तीन पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्रियों को लुटेरों ने घेर लिया, इन तीन लोगों में से एक की लुटेरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। एजेंसी के मुताबिक सिंध प्रांत के लरकाना शहर के मूल निवासी राजेश कुमार अपने दोस्त और एक रिश्तेदार के साथ कार से लाहौर से ननकाना साहिब जा रहे थे, तभी लाहौर से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानांवाला-ननकाना साहिब रोड पर तीन लुटेरों ने उनका रास्ता रोक लिया।

# ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में कश्मीर मुद्दे को लेकर विवादित बहस, पाकिस्तानियों को भारतीय छात्रों ने दिया करारा जवाब

**ऑक्सफोर्ड, एजेंसी।** हम आपको बता दें कि विदेशों में पाकिस्तानी एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले प्रोफेसर जफर खान के संबोधन को पाकिस्तानी मीडिया में खूब तवज्जो मिली है। प्रोफेसर जफर खान ने अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत की सरकार, सेना और मीडिया पर तमाम तरह के आरोप लगाये।

पाकिस्तान विभिन्न मंचों पर कश्मीर को लेकर दुष्प्रचार अभियान चलाता रहता है लेकिन भारत और भारतीय हर मंच पर पाकिस्तान को करारा जवाब देते हैं। ताजा मामला लंदन से सामने आया है जहां भारतीय छात्रों के एक समूह ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी में कश्मीर पर आयोजित एक बहस के विरोध में नारे लगाए और तख्तियां दिखाईं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान 'भारत माता की जय' और 'ऑक्सफोर्ड यूनियन आतंकवाद के साथ खड़ा है' के नारे लगाए गए। हम आपको बता दें कि इस बहस में आतंकवाद से जुड़ाव रखने वाले वक्ताओं को मंच दिया गया। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार शाम को 'कश्मीर को एक स्वतंत्र प्रदेश के रूप में देखने' संबंधी एक प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) से जुड़े जफर खान और 'वर्ल्ड कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट' से जुड़े मुजम्मिल अयूब ठाकुर ने भी भाषण दिया। हम आपको याद दिला दें कि इस साल मार्च में भारत ने आतंकवाद के आरोपी यासीन मलिक की अगुआई वाले जेकेएलएफ पर प्रतिबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया था।




हम आपको बता दें कि विदेशों में पाकिस्तानी एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले प्रोफेसर जफर खान के संबोधन को पाकिस्तानी मीडिया में खूब तवज्जो मिली है। प्रोफेसर जफर खान ने अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत की सरकार, सेना और मीडिया पर तमाम तरह के आरोप लगाये। पाकिस्तानी मीडिया ने तो यहां तक दावा किया है कि इस सत्र के दौरान कई भारतीय छात्र भी शामिल थे जिन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे का हल निकालने के लिए उसे स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

दूसरी ओर, कार्यक्रम के दौरान के जो वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हैं उसमें साफ देखा जा सकता है कि भारतीय छात्रों ने इस दौरान जमकर विरोध जताया। इंडियन ऑक्सफोर्ड यूनियन के सदस्य आदर्श मिश्रा ने बहस के दौरान हस्तक्षेप करते हुए कहा, ''जेकेएलएफ एक आतंकी संगठन है।'' सामुदायिक संगठन 'इनसाइट यूके' द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, आदर्श मिश्रा को यह कहते हुए सुना जा सकता है ''मुझे इस मंच पर भरोसा नहीं है और मैंने (ऑक्सफोर्ड यूनियन के) अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है।'' आदर्श मिश्रा ने कहा कि जफर खान और मुजम्मिल अयूब ठाकुर ''(पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी) आईएसआई और पाकिस्तान के लिए कठपुतली के तौर पर काम कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि 'इनसाइट यूके' विश्वविद्यालय में भारतीय छात्रों के नेतृत्व में प्रदर्शन का समर्थन करने वाले समूहों में से एक है।

इस बहस के खिलाफ भारतीय प्रवासी संगठनों ने रैली निकाली, जिसमें ऑक्सफोर्ड हिंदू सोसाइटी भी शामिल थी। हम आपको बता दें कि ऑक्सफोर्ड यूनियन को कार्यक्रम रद्द करने के लिए एक औपचारिक पत्र भी जारी किया गया था। ऑक्सफोर्ड हिंदू सोसाइटी के पत्र में कहा गया था कि यह ध्यान देने योग्य है कि ये दोनों वक्ता हिंदू विरोधी घृणा फैलाने में शामिल रहे हैं और ऐसे संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जिनका ब्रिटेन के साथ-साथ भारत के केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ घृणा फैलाने से संबंध है। पत्र में कहा गया था कि हिंदू छात्र इस बात से भयभीत और निराश महसूस कर रहे हैं कि ऑक्सफोर्ड यूनियन ने जेकेएलएफ से जुड़े व्यक्ति को आमंत्रित किया है-जिसका हिंदुओं पर हमला करने का रिकॉर्ड है।

'इनसाइट यूके' द्वारा ऑक्सफोर्ड यूनियन को लिखे गए पत्र में कहा गया था कि कश्मीर क्षेत्र दशकों से आतंकवाद का निशाना रहा है, जिसके कारण हजारों कश्मीरी हिंदुओं को जबरन पलायन करना पड़ा और अनगिनत पीड़ाएं झेलनी पड़ीं। पत्र में कहा गया है कि कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का अभिन्न अंग माना जाता है और इस पर सवाल उठाने वाली कोई भी बहस भारत की संप्रभुता के लिए चुनौती है। हम आपको बता दें कि ऑक्सफोर्ड यूनियन की स्थापना 1823 में हुई थी। विभिन्न विषयों पर यहां जोरदार बहस होती रही है।

## इंटरनेशल स्पेस स्टेशन में आ गईं दरारें, 50 जगह लीकेज, सुनीता विलियम्स को बड़ा खतरा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) को लेकर नासा भी टेंशन में आ गया है। आईएसएस में पिछले पांच साल से हल्का लीकेज जारी था। हालांकि अब पता चला है कि कम से कम 50 जगहों पर लीकेज की समस्या है। इसके अलावा आईएसएस में दरारें भी आ रही हैं। नाआस की एक जांच रिपोर्ट लीक हो गई जिसमें पता चला कि आईएसएस पर खतरा मंडरा रहा है। साथ ही सुनीता विलियम्स समेत यहां के अंतरिक्षयात्रियों की भी जान पर बनी हुई है। रूस ने पृथ्वी की कक्षा में घूमते लैब में माइक्रो वाइब्रेशन का भी दावा किया है। नासा का कहना है कि स्पेस स्टेशन से बड़ी मात्रा में हवा निकल रही है जो कि खतरे की घंटी है। हालांकि यहां लोगों की जान बचाने और इसका कोई समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आईएसएस में पिछले पांच साल से लीकेज की समस्या है सबसे पहले लीकेज स्पेस स्टेशन में मौजूद यवेज्दा मॉड्यूल से शुरू हुई थी जो कि डॉकिंग पोर्ट तक जाने के लिए एक सुरंग है। इस हिस्सा का कंट्रोल रूस के हाथ में है। हालांकि इस समस्या को लेकर असली वजह क्या है, इसपर नासा और रूसी एजेंसी रोसकोमॉस के बीच अभी सहमति नहीं बन पाई है।सीएनएन के मुताबिक नासा के अंतरिक्षयात्री बॉब कैबाना ने कहा कि स्पेस एजेंसी ने इस लीकेज को लेकर चिंता जाहिर की है। कैबाना ने कहा कि लीकेज को रोकने के लिए ऑपरेशन चलाना कुछ समय के लिए राहत दिला सकता है लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। अमेरिका का कहना है कि यह सुरक्षित नहीं है। सबसे पहले 2019 में लीकेज का पता चला था। इसके बाद अप्रैल 2024 से रोज 1.7 किलो की दर से हवा लीक होने लगी। आम तौर पर आईएसएस में सात से 10 अंतरिक्षयात्री रहते हैं।

## ट्रंप ने स्टीवन चेउंग को व्हाइट हाउस संचार निदेशक नियुक्त किया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मीडिया सलाहकार और मुख्य प्रवक्ता रहे स्टीवन चेउंग को व्हाइट हाउस का संचार प्रमुख नियुक्त किया है। ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि चेउंग राष्ट्रपति के सहायक और संचार निदेशक के रूप में व्हाइट हाउस में वापस लौटेंगे। उन्होंने ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के विशेष सहायक और स्ट्रैटेजिक रिस्पॉन्स इन चार्ज के रूप में कार्य किया था। उनका उस समय कार्य आने वाली चुनौतियों से निपटना और आगामी मुद्दों पर प्रतिक्रिया की योजना बनाना था। ट्रंप के चुनाव अभियान में चेउंग ने महत्वपूर्ण निभाई थी। उनके तीखे बयान काफी चर्चा में रहे थे। उस समय उन्होंने ट्रंप की जगह मीडिया को सीधे संबोधित किया था। यह मैनहट्टन अदालत में चुप रहने के लिए धन देने के मामले में उनके मुकदमे के दौरान किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वह ट्रंप अभियान के प्रबंधकों में शामिल थे। इनमें सुजैन विल्स (अब ट्रंप के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में नियुक्त) और क्रिस लैसिविटा शामिल हैं। रिपब्लिकन्स के विभिन्न चुनाव अभियानों के लिए वो काम कर चुके हैं। चेउंग अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप के संचार निदेशक भी रहे हैं। चेउंग 2016 में रिपब्लिकन नामांकन के लिए ट्रंप के अभियान में रैपिड रिस्पांस निदेशक के रूप में शामिल हुए थे। इसके बाद वह ट्रंप के साथ राष्ट्रपति अभियान से जुड़े रहे फिर व्हाइट हाउस चले गए थे।

# ट्रम्प ने 27 साल की कैरोलिन को प्रेस सेक्रेटरी बनाया

## पद संभालने वाली सबसे युवा ; ट्रम्प के कैंपेन में नेशनल प्रेस सेक्रेटरी थीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल के लिए टीम तैयार कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने 27 साल की कैरोलिन लेविट को व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी पद के लिए चुना। कैरोलिन यह पद संभालने वाली सबसे युवा सेक्रेटरी होंगी। इससे पहले 1969 में प्रेसिडेंट रिचर्ड निक्सन ने 29 साल के रोनाल्ड जिग्लर को प्रेस सेक्रेटरी बनाया था। कैरोलिन हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प के कैंपेन की नेशनल प्रेस सेक्रेटरी भी थीं। इसके अलावा उन्होंने ट्रम्प के पिछले कार्यकाल (2017-21) में असिस्टेंट प्रेस सेक्रेटरी का पद भी संभाला था। कैरोलिन के नाम का ऐलान करते हुए ट्रम्प ने कहा- कैरोलीन लेविट ने मेरे ऐतिहासिक कैंपेन में बहुत अच्छा काम किया। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि वे व्हाइट हाउस प्रेस सचिव के रूप में मेरे साथ काम करेंगी। कैरोलिन एक स्मार्ट और प्रभावी कम्यूनिकेटर साबित हुई हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि वे अमेरिकी लोगों तक हमारा संदेश पहुंचाने में मदद करेंगी, क्योंकि हम अमेरिका को फिर से महान बनाने जा रहे हैं।

**कौन है कैरोलिन लेविट :** कैरोलिन लेविट अमेरिका के न्यू हैम्पशायर की रहने वाली हैं। वे व्हाइट हाउस में इंटर्नशिप कर चुकी हैं। ट्रम्प के 2020 राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद लेविट रिपब्लिन पॉलिटिशियन एलिस स्टेफनिक के लिए कम्युनिकेशन डायरेक्टर बन थी। एलिस को ट्रम्प ने अब यूएन में अपने प्रतिनिधित्व के लिए चुना है।

2022 में लेविट ने न्यू हैम्पशायर से हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव




(अमेरिकी संसद के निचले सदन) के लिए चुनाव लड़ा। हालांकि जनरल इलेक्शन में डेमोक्रेटिक पार्टी के क्रिस पप्पास से उन्हें हार मिली। इसके बाद वे ट्रम्प के इस साल के राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन का हिस्सा बनीं। फिलहाल कैरोलिन लेविट राष्ट्रपति ट्रम्प की ट्रांजिशन टीम की चीफ स्पोक्सपर्सन हैं।

**क्या करता है व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी :** व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी अमेरिकी लोगों को राष्ट्रपति की गतिविधियों के बारे में जानकारी देता है। इस दौरान प्रेस सेक्रेटरी को जरूरी जानकारी देकर मीडिया का भरोसा जीतना होता है। साथ ही राष्ट्रपति से वफादारी भी बनाए रखनी होती है।

**पिछले कार्यकाल के दौरान ट्रम्प के पास थे 4 प्रेस सेक्रेटरी :** डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान चार लोगों ने व्हाइट हाउस के प्रेस सेक्रेटरी का पद संभाला था। सबसे पहली सीन स्पाइसर को छह महीने बाद ही पद से हटा दिया गया था। उन्होंने 2017 में ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह को सबसे ज्यादा देखे जाने का झूठा दावा किया था। इसके बाद साराह सैंडर्स ने पद संभाला। ट्रम्प ने उनके काम की काफी तारीफ भी की। स्टेफनी ग्रिशम तीसरी प्रेस सेक्रेटरी बनी, जिन्होंने ट्रम्प के कहने पर कभी प्रेस ब्रीफिंग नहीं की। 6 जनवरी 2021 को ट्रम्प समर्थकों के व्हाइट हाउस घेराव के बाद ग्रिसम ने पद छोड़ दिया था। अब ग्रिशम ट्रम्प विरोधी हैं। कैली मैकनेनी ट्रम्प कार्यकाल में व्हाइट हाउस की आखिरी प्रेस सेक्रेटरी रही।

# श्रीलंका संसदीय चुनाव- राष्ट्रपति दिसानायके के गठबंधन की जीत

## 141 सीटों पर जीत हासिल की, 61 प्रतिशत वोट मिले, बहुमत के लिए 113 सीटें चाहिए थीं

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन एनपीपी की जीत हुई है। सभी सीटों के नतीजों सामने आ चुके हैं। एनपीपी ने जिलों के आधार पर तय होने वाली 196 सीटों में से 141 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। नतीजों के मुताबिक एनपीपी को 61 प्रतिशत यानी 68 लाख वोट मिले हैं। दूसरे स्थान पर 18 प्रतिशत वोट और 35 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी एसजेबी पार्टी मौजूद है। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थन वाले नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट को 5 प्रतिशत वोट और 3 सीटें ही मिली हैं। वहीं श्रीलंका की राजनीति में दबदबा रखने वाले राजपक्षे परिवार की श्रीलंका पीपल्स फ्रंट पार्टी 2 सीटों के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। इसके साथ ही 29 सीटों को सभी पार्टियों के बीच वोटिंग प्रतिशत के आधार पर बांट दिया गया है।

**तमिल जिले जाफना में एनपीपी की जीत :** एनपीपी ने तमिल जिले जाफना में भी जीत हासिल की है। यहां एनपीपी को 6 में 3 सीटों पर जीत मिली है। एनपीपी की जीत से पारंपरिक तमिल दलों को बड़ा झटका



लगा है। राष्ट्रपति दिसानायके को संसद में मिले बहुमत के बाद उनकी ताकत में इजाफा हुआ है। दरअसल संसद से मंजूरी मिलने के बाद ही राष्ट्रपति दिसानायके सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों को लागू कर सकते हैं। इस साल सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद दिसानायके ने संसद को भंग कर दिया था। इसके बाद संसदीय चुनाव का ऐलान किया गया था। श्रीलंका में आखिरी बार अगस्त 2020 में संसदीय चुनाव हुए थे। पिछली बार दिसानायके की पार्टी को सिर्फ 3 सीटें मिली थी। 2020 में हुए चुनावों के नतीजे इस प्रकार थे।

**दिसानायके ने कार्यकारी राष्ट्रपति की शक्ति कम करने का वादा किया :** अलजजीरा के मुताबिक राष्ट्रपति दिसानायके का मानना है कि देश की शक्ति काफी हद तक 'कार्यकारी राष्ट्रपति' के अधीन है। वे इस पावर को कम करने का वादा लेकर चुनाव में उतरे थे, लेकिन उन्हें संविधान में बदलाव की जरूरत होगी। उन्हें इसके लिए दो-तिहाई सीटें चाहिए। दिसानायके ने संसदीय चुनाव में जनता से इतनी सीटें जिताने की अपील की थी। श्रीलंका में कार्यकारी राष्ट्रपति पद पहली बार 1978 में अस्तित्व में आया था। इसके बाद से ही इसकी आलोचना होती रही है, लेकिन सत्ता में आने के बाद अब तक किसी भी दल ने इसकी ताकत को खत्म करने की कोशिश नहीं की है। दिसानायके ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और रानिल विक्रमसिंघे के दौर में आईएमएफ के साथ हुई डील में सुधार करने का वादा किया है।

# बाकू जलवायु शिखर सम्मेलन में 132 देशों ने सैन्य अभियान रोकने की अपील की

**बाकू, एजेंसी।** अजरबैजान के बाकू में चल रहे 2024 के संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (कॉप 29) में शांति, राहत और पुनर्प्राप्ति दिवस पर, प्रेसीडेंसी ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत सहित 132 देश सीओपी ट्रूस अपील में शामिल हो गए हैं। सीओपी ट्रूस (युद्धविराम) एक ऐसी पहल है जिसको एक हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों, निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों, नागरिक समाज संगठनों और प्रभावशाली सार्वजनिक हस्तियों का भी समर्थन हासिल है। सीओपी ट्रूस में युद्ध हिंसा में शामिल देशों से सम्मेलन के महीने में सैन्य अभियान रोकने का आग्रह किया गया है। ओलंपिक ट्रूस से प्रेरित यह अपील, कॉप 29 प्रेसीडेंसी की एक बड़ी पहल है, जिसे शांति, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

सीओपी युद्ध विराम संधि की प्रेरणा ओलंपिक ट्रूस से ली गई है, जिसे 1990 के दशक के आरंभ से अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा फिर से चालू किया गया है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित एक संकल्प के आधार पर, ओलंपिक ट्रूस राष्ट्रों से ओलंपिक खेलों के दौरान शत्रुता को निलंबित करने का आह्वान करता है। जलवायु संकट में एकता की समान आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, कॉप 29 प्रेसीडेंसी ने इसे सीओपी (कॉप) ट्रूस पहल बनाने के लिए अपनाया है। जिसमें सम्मेलन के महीने के दौरान सैन्य अभियानों को रोकने की अपील की गई है। कॉप ट्रूस अवधि को नवंबर तक के लिए प्रस्तावित किया गया है,जो कि कॉप 29 की अवधि है। युद्ध विराम की यह समय सीमा जलवायु कार्रवाई एजेंडे के लक्ष्यों के समान है। जो शांति और पर्यावरणीय स्थिरता के बीच संबंध को रेखांकित करती है, जिससे जलवायु पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। कॉप ट्रूस के दो मुख्य उद्देश्य हैं। पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना और जलवायु परिवर्तन के सामने एकता को बढ़ावा देना। वैश्विक सैन्य गतिविधियों और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के बीच महत्वपूर्ण संबंध है। अनुमान है कि वार्षिक वैश्विक उत्सर्जन में इनका योगदान 5.5 प्रतिशत है। यह आंकड़ा विमानन और शिपिंग क्षेत्रों के संयुक्त उत्सर्जन से भी अधिक है। युद्ध के विनाशकारी पर्यावरणीय प्रभाव, पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश से लेकर मिट्टी, जल और वायु के प्रदूषण तक, जलवायु संकट को बदतर बनाने में योगदान करते हैं और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के प्रयासों में बाधा डालते हैं।

# अमेरिका में नौकरी पर आएगा भारी संकट, पद संभालने से पहले रामास्वामी का बड़ा संकेत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में बड़े पैमाने पर नौकरशाहों की नौकरी जाने वाली है. उद्यमी से राजनेता बने भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने इसके संकेत दिए हैं. उन्होंने सांकेतिक रूप से कहा कि एलन मस्क नौकरियों से छंटना में छेनी (तराशने वाला औजार) का नहीं बल्कि चेनसॉ (काटने वाली बड़ी मशीन) का इस्तेमाल करते हैं. यही नहीं उन्होंने ये भी कहा कि नौकरशाहों की अधिक संख्या अच्छा नहीं है. इससे सरकार पर आर्थिक बोझ के साथ-साथ इनोवेशन पर भी असर पड़ता है.

विवेक रामास्वामी और टेस्ला प्रमुख एलन मस्क को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को महान राष्ट्र बनाने के लिए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है. रामास्वामी ने गुरुवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि वह और एलन मस्क लाखों संघीय नौकरशाहों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू करने की स्थिति में हैं. इसी तरह वह इस देश को बचाएंगे. रामास्वामी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि आप एलन को जानते हैं या नहीं, लेकिन वह छेनी (तराशने वाला औजार) नहीं लाते हैं. वह चेनसॉ (काटने वाली बड़ी मशीन) लाते हैं. हम इसे नौकरशाही के पास ले जा रहे हैं. यह बहुत मजेदार होने वाला है.

उन्होंने आगे कहा कि हमे पिछले चार सालों में यह विश्वास करना सिखाया गया है कि हम एक पतनशील राष्ट्र बन गए हैं. हम प्राचीन रोमन साम्राज्य के अंत में हैं. मुझे नहीं लगता कि हमें उस पतनशील राष्ट्र के रूप में रहना चाहिए. मुझे लगता है कि पिछले हफ्ते जो कुछ हुआ उसके साथ हम फिर से एक उत्थानशील राष्ट्र बन गए




हैं. एक ऐसा राष्ट्र जिसके सबसे अच्छे दिन अभी भी हमारे सामने है. रामास्वामी ने कहा, अमेरिका में सुबह होने जा रही है. एक नए सवेरे की शुरुआत होगी. एक ऐसे देश की शुरुआत होगी जहां हमारे बच्चे बड़े होंगे और हम उन्हें बताएंगे और यह बात सच साबित होगी कि आप अपनी कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ अमेरिका में फिर से आगे बढ़ेंगे. आप हर कदम पर अपनी बात कहने के लिए स्वतंत्र होंगे और सबसे अच्छे व्यक्ति को नौकरी मिलेगी चाहे उसका रंग कुछ भी हो. इस बीच मस्क और रामास्वामी ने घोषणा की कि वे सरकारी दक्षता विभाग के कार्यों की प्रगति पर अमेरिकी जनता को अपडेट करने के लिए हर हफ्ते लाइवस्ट्रीम करेंगे. रामास्वामी ने कहा, हमारा लक्ष्य सरकार के आकार को छोटा करना और जनता के साथ यथासंभव पारदर्शी होना है. साप्ताहिक डॉगकास्ट जल्द ही शुरू होंगे. सरकारी दक्षता विभाग का काम सिस्टम में सुधार करना है जिससे देश महान बन सके. इसे ऐसा विभाग बनाना है जिसपर ट्रंप सरकार को गर्व हो. एलन मस्क और मैं राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हमें दिए गए जनादेश को पूरा करने के लिए तत्पर हैं. रामास्वामी ने कहा कि नौकरशाहों की अधिक संख्या का अर्थ कम इनोवेशन और अधिक खर्च है. उन्होंने कहा कि यह अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए), परमाणु विनियामक आयोग (एनआरसी) और अनगिनत अन्य 3-अक्षर एजेंसियों के साथ एक वास्तविक समस्या है. उन्होंने आगे कहा, वे इस बात से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं कि कैसे उनके दैनिक निर्णय नए आविष्कारों को रोकते हैं और लागत लगाते हैं जो विकास को रोकते हैं. हम देश में सबसे प्रतिभाशाली दिमागों को इकट्ठा कर रहे हैं. रामास्वामी ने बड़ी बात कही कि उन्हें लगता है कि देश को पीछे धकेलने वाली मुख्य समस्या संघीय नौकरशाही है. उस लागत को लक्षित करें, पैसे बचाएं, स्वशासन को बहाल करें.

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 17 नवम्बर 2024 | 8


लिटिल बैम्बिनोज स्कूल रीवा द्वारा छात्रों को पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर का एक शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में स्कूल के छात्रों ने सफारी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के जंगली जीवों और विशेष रूप से सफेद बाघों का नजदीक से अवलोकन किया।




## हिनौती गौधाम आत्मनिर्भर तथा अन्य गौशालाओं के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने वाला गौवंश वन्य विहार बनेगा : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि हिनौती गौधाम आत्मनिर्भर व अन्य गौशालाओं के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने वाला गौवंश वन्य विहार बनेगा। यहां गौवंशों का संरक्षण होगा तथा गाय के गोबर व मूत्र से बनने वाले उत्पाद निर्मित होंगे। उन्होंने कहा कि आगामी 2 माह में हिनौती गौधाम के लिए लगभग 20 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न निर्माण व विस्तार के कार्य प्रारंभ करा दिये जायेंगे। श्री शुक्ल ने गौधाम में 77 लाख रूपये की लागत से प्रथम चरण में बनाये जाने वाले प्रशासनिक भवन/गेस्ट हाउस का भूमिपूजन किया।



उप मुख्यमंत्री ने गौधाम में प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर गौधाम विस्तार के लिए कराये जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों की कार्य योजना का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी 3 माह में गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाय। प्रथम चरण में गौधाम की 100 एकड़ भूमि में वायरफेंसिंग का कार्य कराते हुए शेड निर्माण के कार्य प्रारंभ कराये जाय। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में 100 एकड़ भूमि भी गौशाला के लिए उपलब्ध होगी। गौवंश के लिए चरनोई भूमि तथा पानी की आवश्यकता भी सुनिश्चित करायी जा रही है। उन्होंने गौधाम का मुख्य गेट बनाने तथा गौधाम तक पहुंच मार्ग दुरूस्त करने के साथ ही आंतरिक रास्ते का निर्माण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि गौधाम में हाई मास्क लाइट लगाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गौधाम में जल निगम द्वारा पानी की उपलब्धता के लिए टंकी का निर्माण भी कराया जायेगा।

उन्होंने गौधाम में प्रथम चरण में 25 शेड बनाये जाने की बात कही जिनमें लगभग 15 हजार गौवंश को संरक्षण मिलेगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गौधाम में प्रस्तावित निर्माण कार्यों तथा विस्तार कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, वन मंडलाधिकारी, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, त्रियुगीनारायण शुक्ल, राजेश पाण्डेय, कौशलेश द्विवेदी, एसडीएम आरके सिन्हा, जिला पंचायत के संजय सिंह, जनपद सीईओ संजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपचार सुविधाएं बेहतर कर हर स्वास्थ्य संस्था का गुणवत्ता प्रमाणन कराएं

### हाईरिस्क गर्भवती महिला और एसएनसीयू में भर्ती शिशुओं का पूरा फालोअप करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार सुविधाएं बेहतर करके इनका गुणवत्ता प्रमाणन कराएं। गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन करके इनके स्वास्थ्य की नियमित जाँच करें। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को प्रसव की संभावित तिथि से 10 दिन पूर्व चिकित्सा निगरानी में रखें। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं तथा एसएनसीयू में भर्ती शिशुओं का निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार पूरा फालोअप करें। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की उपलब्धियाँ संतोषजनक नहीं हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इनके कार्यों का पूरा प्लान बनाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के मैनेजर को वेतन रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं का सम्पूर्ण टीकाकरण समय पर सुनिश्चित करें। एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं होना चाहिए। जिला टीकाकरण अधिकारी तथा बीएमओ टीकाकरण अभियान की सतत मानीटरिंग करें। यूविन पोर्टल और एचएमआईएस पोर्टल पर टीकाकरण की जानकारी एक जैसी होनी चाहिए। पोर्टल में समय पर जानकारी दर्ज न करने वालों पर सीएमएचओ कार्यवाही करें। स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड हर मानक में पीछे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इसके कारणों का पता लगाकर वहाँ की स्थितियों में सुधार करें। परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति बहुत कम है। प्रत्येक विकासखण्ड के लिए कार्यक्रम बनाकर दो माह में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आपरेशन करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित हैं। इनकी राशि जारी कर दी गई है। सात दिवस में हितग्राहियों को उनके बैंक खाते में भुगतान करके सभी प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर ने बैठक में डेंगू के नियंत्रण, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम तथा दवाओं के वितरण की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने लापरवाही बरतने पर जिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ बीके अग्निहोत्री, बैठक से बिना सूचना अनुपस्थित बीएमओ सिरमौर को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पतालों में नियमित रूप से शिविर लगाकर 10 दिनों में 70 साल से अधिक आयु के चिन्हित सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। इसके लिए नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों का भी सहयोग लें।

## कृषि उत्पादन आयुक्त 20 नवम्बर को करेंगे समीक्षा

**रीवा।** कृषि उत्पादन आयुक्त 20 नवम्बर को आयोजित बैठक में रीवा और शहडोल संभाग के कृषि आदानों की समीक्षा करेंगे। बैठक में खरीफ फसल 2024 के लक्ष्यों की पूर्ति तथा रबी फसल की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, सहकारिता सहित कृषि से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि बैठक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## रीवा ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसो.के दूसरी वार अध्यक्ष बने अमित द्विवेदी

रीवा

रीवा ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोसियेशन संभाग जिला रीवा की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें जिलाध्यक्ष के चुनाव एवं कार्यकारणी पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोसियेशन के पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने अमित द्विवेदी के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हे दूसरी वार अध्यक्ष बनाये जाने की बात बैठक में रखी। बैठक में सर्वसम्मति से श्री अमित कुमार द्विवेदी 'बच्चू' को दूसरी वार अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की गई। रीवा ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोसियेशन संभाग जिला रीवा का अध्यक्ष बनने पर श्री द्विवेदी ने पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों को साधुवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि एसोसियेशन ने मुझ पर विश्वास करके दूसरी वार अध्यक्ष बनने का मौका प्रशस्त किया है।

उसका निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करते हुए एसोसियेशन की हर समस्याओं पर संघर्ष करने की बात कही। इस अवसर पर श्री अमित द्विवेदी ने पांच सदस्यीय संरक्षक मण्डल की घोषणा की जिसमें लालमणि पाण्डेय जे.पी., रामावतार त्रिपाठी, अलखनारायण गुप्ता चाकघाट, पुष्पेन्द्र सिंह, दुर्गाचरण सिंह (पप्पू) को मनोनीत किया गया तो वहीं उपाध्यक्ष के पद पर अजय गुप्ता चाकघाट, जसविंदर सिंह 'मन्नी', संजय मिश्रा, संदीप मिश्रा, रहबर अंसारी को रखा गया, सचिव के पद पर मो.इमरान 'गुलाब' तो सह सचिव के पद पर शम्भूनाथ मिश्रा, अजय पटेल, राजेन्द्र सिंह 'दीनू' मझियार को रखा गया कोषाध्यक्ष के पद पर कैलाशधर द्विवेदी तो प्रवक्ता में राजा भइया एवं रमेश कुमार अवस्थी 'बब्लू' को मनोनीत किया गया।

## लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**रीवा।** लिटिल बैम्बिनोज स्कूल, विंध्य विहार कॉलोनी में बाल दिवस के अवसर पर बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर इस खास दिन को मनाया, जो बच्चों के लिए समर्पित था और पंडित नेहरू की जयंती के रूप में मनाया जाता है। बाल दिवस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रमुख और अध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। बच्चों ने विद्यालय के परिसर में रंग-बिरंगे गुब्बारे और फूलों से सजावट की थी, जो माहौल को और भी खुशनुमा बना रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें संगीत, नृत्य, और कविता पाठ प्रमुख थे। स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न ऐतिहासिक, पौराणिक और काल्पनिक पात्रों के रूप में शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य रूप से बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने, उनके कला कौशल को प्रोत्साहित करने और भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं प्रेरणादायक व्यक्तित्वों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ गायत्री शुक्ला ने छात्रों को संबोधित किया और पंडित नेहरू की शिक्षाओं और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सभी राष्ट्र के भविष्य हैं, और हर बच्चे को अपना सपना पूरा करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों और उनके विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। हमें बच्चों को उनके पूरे अधिकार, सुरक्षा, और एक अच्छा भविष्य देने की दिशा में काम करना चाहिए। मासूम बच्चों की बातों को धैर्यपूर्वक सुनना न केवल उनके मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है और उन्हें यह सिखाता है कि वे सम्मान के पात्र हैं। बच्चों की मासूमियत और सच्चाई एक ऐसी दुनिया की झलक होती है, जो हमें अपने व्यस्त और जटिल जीवन में अक्सर नजरअंदाज कर दी जाती है। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उनके उत्साह और भागीदारी के लिए छोटे उपहार दिए गए। बच्चों ने इन उपहारों को बहुत खुशी से प्राप्त किया और अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन बच्चों की हंसी-खुशी और आनंद के साथ हुआ। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह देखकर यह स्पष्ट था कि उन्हें इस दिन का भरपूर आनंद मिला। लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में बाल दिवस का यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का अवसर था, बल्कि यह उन्हें अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चों को अपनी क्षमता और प्रतिभा को पहचानने का अवसर दिया और उन्हें अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में, प्रज्ञा श्रीवास्तव, सुधा सोनी, कंचन द्विवेदी, श्वेता मिश्रा, श्वेता सिंह तिवारी, रश्मी मिश्रा, रूपमाला पांडे, स्वाति सोनी, विवेक चतुर्वेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बाल दिवस पर बच्चों को कपड़े और मिष्ठान का वितरण किया गया

रीवा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रीवा के द्वारा दिव्य नगरी निराला नगर रीवा में बाल दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम रखा किया गया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर आरती तिवारी जी रहीं रही, विशिष्ट अतीथी के रूप में प्रोफेसर एसपी मिश्रा , डॉक्टर विकास श्रीवास्तव , बी के बहादुर भाई भोपाल , मैनेजर आर बी पटेल , लक्ष्मी एजुकेशन समिति की अध्यक्ष श्री मती रंजना श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अतुल त्रिपाठी थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा ने किया। इस कार्यक्रम में दिव्य नगर निराला नगर के बच्चों को वरिष्ठ समाजसेवी प्रिया कनोडिया जी के द्वारा प्रदत्त व सहयोग से प्राप्त हुए कपड़े खिलौने वितरित किए गए। तथा दिव्य नगरी निराला नगर के बच्चों को मिठाई और अन्य गिफ्ट वितरित भी किए गए। बीके ज्योति बहन एवं बीके नेहा बहन जी ने बच्चों को ज्ञान और मेडिटेशन भी कराया ,बीके बहादुर भाई भोपाल ने बच्चों को प्रेरणादायक शिक्षा दी ,बीके सत्येंद्र भाई ने बच्चों को खेल और प्रेरणादायक बातें बताई।

## रीवा से बिलासपुर और चिरमिरी ट्रेनें रद्द, यात्री परेशान

**रीवा।** रीवा-बिलासपुर और चिरमिरी मार्ग की कई ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा करकेली स्टेशन पर तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य के चलते कुछ दिनों के लिए रद्द कर दी गई हैं। इस निर्माण कार्य के कारण, 15 नवंबर से लेकर 20 नवंबर तक विभिन्न ट्रेनों के संचालन को अस्थायी रूप से रोका गया है। यात्रियों को इस कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

विशेष रूप से रीवा-बिलासपुर रूट पर चलने वाली ट्रेन 18247 को 15 से 19 नवंबर और बिलासपुर से रीवा लौटने वाली ट्रेन 18248 को 16 से 20 नवंबर तक रद्द कर दिया गया है। इसी तरह, रीवा-चिरमिरी रूट पर चलने वाली ट्रेन 11751 को 18 नवंबर और चिरमिरी से रीवा लौटने वाली ट्रेन 11752 को 19 नवंबर के लिए रद्द किया गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह अस्थायी रोक निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक है, जिससे कि भविष्य में यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके।

**रीवा-बिलासपुर ट्रेनें रद्द**

रीवा से बिलासपुर जाने वाली ट्रेन संख्या 18247 15 से 19 नवंबर तक रद्द रहेगी। बिलासपुर से रीवा आने वाली ट्रेन संख्या 18248 16 से 20 नवंबर तक रद्द रहेगी।

**रीवा-चिरमिरी ट्रेनें रद्द**

रीवा से चिरमिरी जाने वाली ट्रेन संख्या 11751 18 नवंबर को रद्द रहेगी। चिरमिरी से रीवा आने वाली ट्रेन संख्या 11752 19 नवंबर को रद्द रहेगी। लंबे समय से बंद है रीवा-इंतवारी ट्रेन।

रीवा-इंतवारी ट्रेन (11756) भी पिछले तीन महीनों से बंद है और अब इसे 29 दिसंबर तक स्थगित कर दिया गया है। यह बंदी विंध्य क्षेत्र के यात्रियों के लिए असुविधाजनक साबित हो रही है। इस ट्रेन को अक्सर रेलवे वेबसाइट पर कैंसिल नहीं दिखाया जाता, जिससे अनजाने में यात्री टिकट बुक कर लेते हैं और यात्रा के दिन उन्हें निराशा हाथ लगती है। फिलहाल, सप्ताह में तीन बार चलने वाली ट्रेन (11754) ही रीवा से इतवारी के बीच सेवाएं दे रही है, परन्तु यात्रियों की मांग है कि इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था बालाघाट-गोंदिया मार्ग से की जाए।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ, मधुमेह से बचें : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के नागरिकों से मधुमेह की बढ़ती प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने रक्त शर्करा और रक्तचाप की नियमित जांच कराएँ, संतुलित आहार लें, अत्यधिक शर्करा का सेवन न करें और शारीरिक रूप से सक्रिय रहें ताकि तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सके। उन्होंने मधुमेह की रोकथाम के प्रति सजग रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है। सामूहिक प्रयास और जागरूकता से ही हम मधुमेह पर नियंत्रण पा सकते हैं और एक स्वस्थ मध्यप्रदेश का निर्माण कर सकते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार मधुमेह एवं अन्य असंचारी रोगों के प्रसार को कम करने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करके दिल के दौरे, किडनी और फेफड़े के रोग, अंधत्व और अन्य गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है। नागरिकों की समय पर स्क्रीनिंग, जांच की व्यवस्था की गयी है। नियमित जाँच से सही समय में समस्या का चिन्हांकन होता है, जिससे अपेक्षित सावधानियाँ एवं उपचार सहजता से किया जा सकता है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप के उपचार के लिए राज्य के सभी जिला अस्पतालों, सिविल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। 15 जिलों में असंचारी रोग बूथ स्थापित किए गए हैं ताकि मरीजों को अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही प्राथमिक जांच का लाभ मिल सके। राष्ट्रीय असंचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वर्तमान वर्ष में 38 लाख से अधिक नागरिक पंजीकृत हो चुके हैं और 86 लाख से अधिक बार हाई ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच की जा चुकी है। एनएफएचएस-5 अनुसार राज्य में मधुमेह की प्रचलित दर वर्तमान में 13.55 है, जबकि उच्च रक्तचाप की दर 23.55 है। मधुमेह और संबंधित जटिलताओं को नियंत्रित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। असंचारी रोग कार्यक्रम के तहत अब तक 3 करोड़ 58 लाख से अधिक लोगों का पंजीकरण हो चुका है, जिसमें 1 करोड़ 91 लाख से अधिक लोगों की रक्तचाप और रक्त शर्करा के लिए जांच की गई है। 19 लाख 57 हज़ार उच्च रक्तचाप के मरीज और 13 लाख से अधिक मधुमेह के मरीज वर्तमान में निःशुल्क उपचार प्राप्त कर रहे हैं। हृदय से जुड़ी आपात स्थितियों के इलाज हेतु सभी 52 जिला अस्पतालों में आईसीयू की स्थापना की गई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और अन्य प्रमुख जिलों में कार्डियक केयर यूनिट भी स्थापित किए गए हैं। सभी जिलों में केंद्रीय प्रयोगशालाएँ चौबीसों घंटे रक्त शर्करा, कोलेस्ट्रॉल, और हार्ट मार्कर जैसे आवश्यक परीक्षण प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जीवनशैली में परिवर्तन के लिए शैक्षणिक अभियान चलाए जा रहे हैं। आमजन तक मधुमेह, उच्च रक्तचाप और रोकथाम के उपायों की जानकारी पहुँचाई जा रही है।




आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल मे रहने की आवश्यकता नही
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय मे ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय मे काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833